Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 252 | शनिवार, 13 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## स्वर्णिम अतीत के पुनर्जागरण का महाअभियान

# पीएम ने लॉन्च किया ज्ञान भारतम पोर्टल

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'ज्ञान भारतम पोर्टल' का शुभारंभ किया, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत की लगभग 1 करोड़ प्राचीन हस्तलिपियों का डिजिटलीकरण, संरक्षण और सार्वजनिक पहुंच सुनिश्चित करना है। यह मिशन भारतीय संस्कृति, साहित्य और चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है, जो देश की समृद्ध ज्ञान परंपरा को चार स्तंभों - संरक्षण, नवाचार, परिवर्धन और अनुकूलन पर आधारित करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ज्ञान भारतम पोर्टल का शुभारंभ किया, जो एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसका उद्देश्य पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण और सार्वजनिक पहुंच में तेजी लाना है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैंने कुछ दिन पहले ज्ञान भारतम मिशन की घोषणा की थी और आज हम ज्ञान भारतम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई सरकारी या अकादमिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, साहित्य और चेतना का उद्घोष है। मैं ज्ञान भारतम मिशन के शुभारंभ के लिए देश के सभी नागरिकों को बधाई देता हूं। मोदी ने कहा कि आज विज्ञान भवन, भारत के स्वर्णिम अतीत के पुनर्जागरण का साक्षी बन रहा है। कुछ ही दिन पहले मैंने ज्ञान भारतम् मिशन की घोषणा की थी, और इतने कम समय में आज हम ज्ञान भारतम् इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर रहे हैं। इससे जुड़ा पोर्टल भी लॉन्च किया गया है। उन्होंने कहा कि ये एक सरकारी या एकेडेमिक इवेंट नहीं है। ज्ञान भारतम् मिशन, भारत की संस्कृति, साहित्य और चेतना का उद्घोष बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हजारों पीढ़ियों का चिंतन मनन, भारत के महान आचार्यों और विद्वानों का बोध और शोध, हमारी ज्ञान परंपराएं, हमारे वैज्ञानिक धरोहरें– ज्ञान भारतम् मिशन के जरिए हम उन्हें डिजिटाइज्ड करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा हस्तलिपि संग्रह है। करीब 1 करोड़ हस्तलिपि हमारे पास हैं। इतिहास के क्रूर थपेड़ों में लाखों हस्तलिपि जल गईं, लुप्त हो गईं, लेकिन जो बची हैं, वे इसका साक्षी हैं कि ज्ञान और विज्ञान पठन पाठन के लिए हमारे पूर्वजों की निष्ठा कितनी गहरी और व्यापक थी। नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा आज तक इतनी समृद्ध है, क्योंकि इसकी नींव 4 मुख्य पिलर्स पर आधारित हैं। ये हैं संरक्षण, नवाचार, परिवर्धन और अनुकूलन। उन्होंने कहा कि भारत स्वयं में एक जीवंत प्रवाह है, जिसका निर्माण उसके विचारों, आदर्शों और मूल्यों से हुआ है। भारत की प्राचीन पांडुलिपियों में हमें भारत के निरंतर प्रवाह की रेखाएं देखने को मिलती हैं। ये पांडुलिपियां हमारी विविधता में एकता का घोषणा पत्र भी हैं।




# साधारण किसान की बेटी बनीं नेपाल की पहली महिला पीएम

नई दिल्ली।



50 साल पहले बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त करने के बाद सुशीला कार्की ने शायद सोचा भी नहीं होगा कि वह नेपाल की राजनीति में एक कीर्तिमान स्थापित करेंगी। नेपाली सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला प्रधान न्यायाधीश रहीं 73 वर्षीय कार्की अब देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बन गई हैं। सुशीला कार्की को जुलाई, 2016 में नेपाल की 24वीं प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। वह लगभग 11 महीने इस पद पर रहीं। कार्की को तत्कालीन शेरबहादुर देउबा सरकार द्वारा लाए गए महाभियोग प्रस्ताव का सामना करना पड़ा था, जिसे राजनीतिक रूप से पक्षपाती माना गया था और बाद में इसे वापस ले लिया गया था। सात जून, 1952 को भारतीय सीमा के निकट विराटनगर के शंकरपुर-3 में जन्मी कार्की ने 1971 में नेपाल के त्रिभुवन विश्वविद्यालय के महेंद्र मोरंग परिसर से स्नातक और 1975 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। 1978 में कानून की डिग्री हासिल करने के लिए वह त्रिभुवन विश्वविद्यालय लौट आई थीं।

# पीएम मोदी का मणिपुर दौरा



नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री मोदी 13 सितंबर को मणिपुर दौरे पर, आइजोल से चुराचांदपुर पहुंचेंगे। वे वहाँ ?7,300 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इम्फाल में ?1,200 करोड़ से अधिक के नागरिक सचिवालय और इमा मार्केट जैसी परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। यह यात्रा मणिपुर के समावेशी विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 से 15 सितंबर तक मिजोरम, मणिपुर, असम, पश्चिम बंगाल और बिहार का दौरा करेंगे। 13 सितंबर को, प्रधानमंत्री मिजोरम का दौरा करेंगे और सुबह लगभग 10 बजे आइजोल में 9000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

# फलस्तीन पर भारत 'टू-स्टेट सॉल्यूशन' के साथ डटा



नई दिल्ली।

पश्चिम एशिया में अशांति के लंबे कालखंड के बीच भारत ने एक बार फिर अपनी दृढ़ता दिखाई है। संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भारत ने फलस्तीन मुद्दे पर अपना रूख स्पष्ट किया है। भारत ने कहा है कि वह फलस्तीन के मुद्दे पर 'टू-स्टेट सॉल्यूशन' का समर्थन करता है। यूएन में लाए गए प्रस्ताव के पक्ष में खड़े होकर भारत ने मतदान भी किया। जानिए पूरा मामला पश्चिम एशिया में इस्राइल और हमास के हिंसक संघर्ष को 23 महीने से अधिक हो चुके हैं। फलस्तीन भी इस्राइल की आक्रामकता का प्रमुख कारण रहा है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि वह फलस्तीन को अलग देश के तौर पर मान्यता नहीं देंगे। हालांकि, इस उथल-पुथल के बीच भारत ने 'टू-स्टेट सॉल्यूशन' का समर्थन किया है। यूएन महासभा में लाए गए एक प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करते हुए भारत ने कहा, वह दो अलग-अलग देशों को मान्यता देकर इस विवाद का शांतिपूर्ण समाधान करने के पक्ष में है।

### अमेरिका ने प्रस्ताव का विरोध किया

दरअसल, भारत ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में उस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जो फलस्तीन मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान और दो–राष्ट्र समाधान के क्रियान्वयन के लिए 'न्यूयॉर्क घोषणा' को मंजूरी दी गई है। फ्रांस की ओर से पेश इस प्रस्ताव को कुल 142 देशों ने समर्थन दिया, 10 ने विरोध किया और 12 ने मत नहीं दिया।

# सबसे बड़ी रक्षा डील की तैयारी में भारत सरकार, देश को मिल सकते हैं 114 'मेक इन इंडिया' राफेल

नई दिल्ली।

रक्षा मंत्रालय को वायुसेना से 114 'मेक इन इंडिया' राफेल विमानों की खरीद का प्रस्ताव मिला है। 2 लाख करोड़ से अधिक की इस डील से भारतीय रक्षा बलों के पास कुल 176 राफेल होंगे। विमान में 60% से अधिक स्वदेशीकरण होगा और हैदराबाद में टफड सुविधा बनेगी। यह भारत का सबसे बड़ा रक्षा सौदा होगा, जो वायुसेना को पाकिस्तान और चीन के खिलाफ रणनीतिक बढ़त देगा। रक्षा मंत्रालय को भारतीय वायुसेना से 114 ह्यमेक इन इंडियाह्ल राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद का प्रस्ताव मिला है। इस सौदे की कीमत दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है। खास बात यह है कि ये विमान फ्रांस की डसॉ एविएशन कंपनी बनाएगी, लेकिन इसमें भारतीय एयरोस्पेस कंपनियों की भी अहम भूमिका होगी। मंत्रालय ने इस प्रस्ताव पर चर्चा शुरू कर दी है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, वायुसेना द्वारा तैयार किया गया स्टेटमेंट ऑफ केस (एसओसी) मंत्रालय को कुछ दिन पहले मिला है। अब इस पर रक्षा मंत्रालय की विभिन्न शाखाएं, जिसमें रक्षा वित्त भी शामिल है, विचार कर रही हैं। अगले चरण में यह प्रस्ताव रक्षा खरीद बोर्ड डीपीबी) और फिर रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) के पास जाएगा।



### बिहार कला पुरस्कार के लिए 52 कलाकारों की घोषणा

नई दिल्ली। चयनित कलाकारों को कुल 27 लाख 47 हजार रुपये की सम्मान राशि मिलेगी। राज्य से 22 स्थापित, 18 नवोदित, 6 राष्ट्रीय और 6 कलाकारों का लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार देने के लिए चयन किया गया है। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग ने बिहार कला पुरस्कार योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत प्रदर्श कला और चित्रकला के 52 कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा।

# नेपाल की अशांति का बिहार के कारोबार पर दिख रहा सीधा असर, रोजाना करोड़ों का नुकसान

पटना।

नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे आंदोलन और हिंसक घटनाओं ने भारत-नेपाल के बीच होने वाले व्यापार को गहराई से प्रभावित किया है। खासकर बिहार से होने वाला निर्यात बुरी तरह प्रभावित हुआ है, क्योंकि नेपाल को जाने वाले सामान का बड़ा हिस्सा रक्सौल, जयनगर और वीरपुर की सीमाओं से होकर गुजरता है। रोजाना करोड़ों रुपये का प्लास्टिक, लोहा, फल-सब्जियां और अन्य सामान बिहार से नेपाल भेजा जाता था, लेकिन हालात बिगड़ने के बाद यह कारोबार लगभग ठप हो गया है। बिहार के उद्योगपतियों और व्यापारिक संगठनों का कहना है कि यदि स्थिति जल्द सामान्य नहीं हुई तो आने वाले त्योहारी सीजन और ठंड के बाजार पर भी बड़ा असर दिखेगा।




## नीतीश सरकार ने किया बड़ा निवेश

# बिहार में अडानी के साथ 2400 मेगावाट के थर्मल पावर प्रोजेक्ट का समझौता



पटना।

भागलपुर जिले के पीरपैंती में प्रस्तावित थर्मल पावर परियोजना से दीर्घकालिक विद्युत आपूर्ति को ले शुक्रवार को विद्युत भवन में बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड और अडानी पावर लिमिटेड के बीच एकरारनामा पर हस्ताक्षर किया गया। इस परियोजना की निविदा के लिए राज्य कैबिनेट द्वारा बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड को फरवरी 2025 में नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया था। पीरपैंती में लगभग 30,000 करोड़ रुपये की लागत से 2400 मेगावाट क्षमता वाला ताप विद्युत संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। एकरारनामा के मौके पर ऊर्जा, योजना एवं विकास मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि आजादी के बाद बिहार के इतिहास में यह ऊर्जा क्षेत्र का सबसे बड़ा निवेश है। इससे यह स्पष्ट है कि बिहार निवेश के लिए एक उत्कृष्ट गंतव्य के रूप में स्थापित हो रहा है। वर्ष 2005 के बाद से बिजली के क्षेत्र में जो सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं, उन्होंने राज्य की तस्वीर बदल दी है। एसबीपीजीसीएल एवं एसबीपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक महेंद्र कुमार ने कहा कि फरवरी 2025 में इस परियोजना को स्थापित करने का निर्णय लिया गया था और मात्र सात माह में सितंबर 2025 में एकरारनामा भी संपन्न हो रहा है। हमारी टीम पूरी तैयारी के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करेगी।

### 2028 दीपावली तक पहली यूनिट हो जाएगी तैयार

ऊर्जा सचिव–सह–सीएमडी, बीएसपीएचसीएल. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि 2028 की दीपावली तक इस परियोजना की पहली यूनिट तैयार हो जाए। कोशिश रहेगी कि निर्धारित तीन वर्ष से पहले ही इसे पूरा किया जाए। वर्तमान अनुमानित लागत 27,000 करोड़ रुपये है, जो काम के दायरे को देखते हुए 30,000 करोड़ रुपये तक जा सकता है।

# कांगो में व्हेलबोट नदी में डूबने से 107 लोगों की मौत

कांगो।

कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के पश्चिम में एक व्हेलबोट में आग लगने से कम से कम 107 लोगों की मौत हो गई है। रॉयटर के मुताबिक, यह हादसा कांगो नदी में हुआ। यह दुर्घटना बसनकुसु क्षेत्र में एनसोलो और ग्रेट मारिंगा नदियों के संगम पर एक अलग नाव पलटने से कम से कम 86 लोगों की मौत के कुछ दिनों बाद हुई है। सामाजिक मामलों के मंत्रालय ने ज्ञापन में कहा कि गुरुवार (11 सितंबर, 2025) शाम को लुकोलेला क्षेत्र में मालंगे गांव के पास कांगो नदी में एक संकरी, दो सिरों वाली खुली नाव में आग लग गई, जिससे 146 लोग लापता हो गए। नोट में कहा गया है कि बचाव दल ने 209 जीवित लोगों को बचाया, जिनमें से कई घायल भी थे। आग ने जहाज पर रखा माल भी नष्ट कर दिया और नदी किनारे बसे 15 घरों को भी जला दिया।

**146**

**लोग लापता हो गए**



## संपादक की कलम से

# भारत नेपाल नहीं हो सकता

अ आजकल कुछ स्वयंभू राजनीतिक विश्लेषक, स्वघोषित जाट-किसान नेता और डॉ. संजय निषाद जैसे कुंठित और असंतुष्ट मंत्री सोशल मीडिया पर भविष्यवाणी कर रहे हैं अथवा बयान दे रहे हैं कि भारत में भी नेपाल जैसे हालात बन सकते हैं! मोदी सरकार के खिलाफ विद्रोह फूट सकता है, क्योंकि भारत में भी बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक असमानता खूब है। खासकर रोजगार को लेकर युवा वर्ग बेहद परेशान है, लिहाजा आक्रोशित है,



ललित शर्मा
संपादक

बगावत पर उतारू हो सकता है! उद्धव की शिवसेना के झोलाटाइप नेता संजय राउत ने तो तब भी भारत में व्यापक बगावत की आशंकाएं जताई थीं, जब श्रीलंका और बांग्लादेश में जन-विद्रोह भडके थे। दरअसल भारत की तुलना छोटे, असंतुलित और निरंकुश देशों की अराजकता के साथ नहीं की जा सकती। ऐसे जन-विद्रोह लोकतांत्रिक नहीं माने जा सकते, क्योंकि इनमें पर्याप्त हिंसा, हत्याएं, आगजनी, सरकारी संपत्तियों के विध्वंस समाहित होते हैं। भारत का लोकतंत्र और संविधान भी अप्रतिम और अतुलनीय हैं। ऐसी ही टिप्पणी देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने भी की है कि हमारा संविधान ऐसा है कि देश स्थिर है और आगे भी रहेगा। प्रधान न्यायाधीश सरकार के भोंपू नहीं हुआ करते। संजय निषाद उप्र सरकार में मंत्री हैं और उनकी पार्टी एनडीए का एक घटक है। उनकी कुंठाओं और असंतोष के मायने सिर्फ ये हैं कि उन्हें अपेक्षित और वांछित हिस्सा नहीं मिल पा रहा होगा! भारत में सबसे अलोकतांत्रिक, तानाशाह, न्यायपालिका पर भी अंकुश रखने वाला दौर आपातकाल (1975-77) का था। तब भी तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के एकतंत्रवादी निर्णयों के खिलाफ विद्रोह नहीं हुआ, बल्कि राजनीतिक लामबंदियां की गईं। देश के बड़े नेताओं-सांसदों, पत्रकारों, लेखकों, गीतकारों आदि को 19 महीने तक जेलों में ठूंसा गया। उन्हें यातनाएं भी दी गईं। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व वाली संपूर्ण क्रांति बगावत में भी बदल सकती थी, लेकिन भारतीय के संस्कार, मूल्य, विश्वास पूरी तरह लोकतांत्रिक हैं। वह दौर भी अंतहीन नहीं रहा। अंतत: चुनाव कराने पड़े और देश को एक नया राजनीतिक नेतृत्व मिला। दरअसल भारत के विभिन्न हिस्सों में कई आंदोलन किए जा चुके हैं। छात्रों, आरक्षणवादियों, आदिवासियों और किसानों के कई बड़े आंदोलन सामने आए हैं, लेकिन निरंकुश, हिंसक विद्रोह एक बार भी नहीं भडका। मोदी सरकार के दौरान ही किसान आंदोलन एक साल से भी अधिक समय तक जारी रहा। कई किसान मारे गए। अंतत: तंबू समेटने पड़े। मांगें आज तक भी अपूर्ण हैं, लेकिन किसानों ने देश की निर्वाचित सरकार के खिलाफ बगावत नहीं की। संवाद आज भी जारी हैं। बहरहाल खालिस्तान या पूर्वोत्तर राज्यों के उग्रवाद कोई आंदोलन नहीं, आतंकवाद के करीब थे। उन्हें भी सरकार के साथ संवाद की मेज पर आना पड़ा। दरअसल विश्व की आर्थिक महाशक्तियों के देशों में भी बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक तनाव, विरोध-प्रदर्शन के हालात बने रहे हैं। भारत 146 करोड़ से अधिक की सर्वाधिक आबादी वाला देश है, जिसकी आर्थिक विकास दर औसतन 6 फीसदी से ज्यादा रही है। बेशक टॉप 1 फीसदी लोगों के पास करीब 40 फीसदी संपत्ति है और निचले 50 फीसदी के पास सिर्फ 13 फीसदी है। यह आर्थिक असमानता गुलाम भारत में भी थी और आज स्वतंत्र भारत में भी है। यह अमरीका, जर्मनी, फ्रांस और चीन में भी है।

# भारत के इन 3 डरावने बीच पर रात में जाने से डरते हैं लोग, सुनाई देती हैं अजीब आवाजें

अगर आप भी इन रहस्यमयी समुद्री जगहों के बारे में जानना चाहते हैं और आपके मन में भी तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं और आप इन जगहों पर जाना चाहते हैं। तो आज हम आपको इन रहस्यमयी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। भारत में कई ऐसी समुद्री जगहें हैं, जहां पर रहस्यमय घटनाओं के कारण लोग रात में इन जगहों पर जाने से बचते हैं। वहीं पर कुछ लोगों ने इन रहस्यमयी जगहों पर होने वाली एक्टिविटीज को देवताओं, आत्माओं या फिर किसी प्राचीन श्राप से जोड़कर देखते हैं। हालांकि इन घटनाओं को सुनने के बाद लोग इन जगहों पर जाना पसंद करते हैं। क्योंकि लोगों को लगता है कि यह अंधविश्वास है और ऐसा कुछ नहीं होता है। अगर आप भी इन रहस्यमयी समुद्री जगहों के बारे में जानना चाहते हैं और आपके मन में भी तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं और आप इन जगहों पर जाना चाहते हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इन रहस्यमयी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।




**गुजरात का डरावना बीच:** गुजरात के इस बीच की रेत काली है। यहां के स्थानीय लोगों का मानना है कि लोगों को यहां पर मौत होने के बाद जलाया जाता था। इसलिए यहां की रेत काली है। वहीं कई लोगों का मानना है कि यहां पर रात के समय अजीब आवाजें सुनाई देती हैं। कुछ लोगों का मानना है कि यहां पर आत्माओं का वास है। हालांकि इस बात में कितनी सच्चाई है, इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। यह बीच गुजरात के सूरत में स्थित है। सूरत से डुमास बीच की दूरी करीब 18 किमी है।

**मरीन ड्राइव:** मुंबई घूमने जाने वाले लोग मरीन ड्राइव घूमने जरूर जाते हैं। लेकिन मरीन ड्राइव दिन में जितनी ज्यादा खूबसूरत लगती है, रात में लोग यहां पर जाने से कतराते हैं। क्योंकि मरीन ड्राइव में कई लोगों ने आत्महत्या की है। ऐसे में लोगों का मानना है कि यहां पर सुसाइड करने वाले लोगों की आत्माएं भटकती हैं। इसलिए यहां पर लोग रात में घूमने जाने से बचते हैं। यह मुंबई के नेताजी सुभाष तंद्र बोस रोड पर स्थित है।

**अंडमान और निकोबार का बलुदेरा बीच:** बता दें कि इस बीच के बारे में लोगों का मानना है कि यहां पर ब्रिटिश काल में लोगों को मारकर फेंक दिया जाता था। लोगों का मानना है कि आज भी यहां पर कई लोगों की आत्माएं भटकती हैं। इसलिए लोग यहां पर रात में अकेले घूमने जाने से कतराते हैं। बलुदेरा बीच बेस्ट वॉटर प्लेस स्पोर्ट्स प्लेस के लिए भी जाना जाता है।

# जीवन की छोटी-छोटी बातों में खुशी ढूंढकर खुशी का आनंद लेकर खुश रहें

मानव जीवन रूपी गाड़ी के सुख और दुख, खुशी और गम रुपी दो ऐसे पहिए हैं जिसके बगैर जीवन रूपी गाड़ी चलना मुश्किल है, क्योंकि ऊपर वाले ने सृष्टि में मानव जीवन की रचना कर सफलताओं और सहायता के लिए ही यह दोनों पहियों को मानव जीवन में संचारित किए हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि खुशी मनीषियों के अहंकार, अहम, अभिमान से अलंकृत होने का न्योता भी साथ-साथ देती है तो गम मनीषियों को सबक, सीख, नम्रता, सद्भाव सीखने का न्योता देता है, याने जीवन के दोनों पहियों से मानव को कौशलता से सीखने की जरूरत है।जब दोनों पहियों रूपी परिस्थितियों में मानव खुशरंग जीवन जीने की कला अपनी कौशलता से सीख लेगा तो अपने जीवन की गाड़ी को सफलता से अपने ऊंचे मानवीय सकारात्मक स्तरों को छू लेगा और मनुष्य जीवन के लिए एक मिसाल कायम कर अपना, अपने कुल और राष्ट्र का नाम ऊंचा करने का सामर्थ प्राप्त करेगा क्योंकि खुशी सफलता की चाबी है। साथियों बात अगर हम जीवन के एक पहिए खुशी की करें तो खुशियों को हम खुद अपनी कौशलता से अपने जीवन की छोटी-छोटी बातों में ढूंढ कर खुशी का आनंद ले कर खुश रह सकते हैं जो विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक पल ढूंढकर, खुशी का इजहार कर अपने कौशलता से दूसरों को प्रोत्साहित कर मानवता धर्म को अदा कर ही सकते हैं। हम अगर सृष्टि में देखें तो कैसे कांटो के बीच भी गुलाब का फूल शिद्दत से खिलता मुस्कुराता रहता है, बस !यह तो हमारे लिए बहुत बड़ी सीख की ओर इशारा है। साथियों बात अगर हम हमारे जीवन के पलों पर जमाने छिटाकशी की करें तो हमने1974 में आई हिंदी फिल्म अमर प्रेम का गाना,, कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना, छोड़ो बेकार की बातें, सुनें होंगे इसलिए हमें चाहिए कि दूसरों की तारीफों का मोहताज नहीं बनकर अपने कार्य का स्वयं मूल्यांकन कर अच्छे कार्य पर स्वयं गर्व कर खुश रहें, और क्या विपरीत, क्या गलत हुआ उसका स्वतः संज्ञान लेकर उसमें सुधारात्मक उपाय करने पर भी खुशी का एहसास करना होगा, क्योंकि हमने अपने जीवन की कमी को ढूंढ कर उसे सुधारात्मक उपाय से सुधार कर आगे बढ़े यह भी एक खुशी की बात है ! !हर कमी में सुकून,



गोंदिया

सकारात्मकता और खुशी ढूंढ लोगों के साथ खुशियों को साझा करें, दूसरों की खुशियों में भी खुश रहें, मन में सुकून ग्रहण करने की आदत अपनाएं साथियों बात अगर हम जीवन के हमारे दुख रूपी पहिए की करें तो हम हमारे जीवन के दुख के क्षणों में हमें अपने को ऊपर कर अपनी आंखें अपने से नीचे झुकाकर देखना चाहिए कि हमारे से ज्यादा अधिक दुःखी कितने मनीषी जीव हैं और हृदय, मस्तिष्क में यह बात संचारित करें कि इनसे तो हम हमारे दुख बहुत छोटे हैं याने हम दुखों में भी अपनी खुशी ढूंढ तो बस,फिर क्या,जीवन की गाड़ी के दोनों पहियों में हमारे हृदय की सकारात्मक भावना को संचारित करें तो हम पाएंगे कि हमसे ज्यादा कोई खुश है ही नहीं।

साथियों बात अगर हम जीवन की छोटी-छोटी बातों की करें तो उसमें हमें ढेर सारी खुशियां मिल सकती है मसलन अपनी तुलना किसी से ना करें, हमेशा सकारात्मक पहलू पर ध्यान दें, लोगों के साथ खुशियों को बांटे, वह कार्य करें जिसमें खुशियां मिले, जो खुश रहते हैं ऐसे लोगों से मिलिए, आत्मविश्वास से भरपूर रहे, मनपसंद किताबें पढ़ें, समस्या है तो समाधान सोचे, कुछ स्पेशल और अच्छा सोचें, हमेशा चेहरे पर मुस्कान रखें, पुरानी अच्छी बातों को याद रखें, मन को बच्चे जैसा साफ रखें, अपने परिवार व बच्चों के साथ समय बिताएं, प्यार पाने को प्यार करना सीखे, छोटी-छोटी सफलताओं पर खुशियां मनाएं, 6 से 8 घंटे नींद पूरी लें इत्यादि अनेक बातों पर ध्यान देने और अपनाने की कोशिश करें तो खुशियों का एहसास आपको जरूर नजर आएगा। साथियों बात अगर हम स्वयं को खुश रखने की करें तो, आप स्वयं ही अपने आपको प्रसन्न कर सकते हैं। प्रसन्नता कोई अपने आप आने वाली चीज नहीं है।इसके लिए आपको लगातार कोशिश करनी होगी। जब आपको दूसरों की खुशी में ही खुशी मिलने लगेगी तो आप खुशी के भीतर छिपा राज जान लेंगे। याद रखें कि खुशी हमेशा किसी वस्तु की इच्छा, प्रशंसा या कुछ करने में नहीं होती। जीवन की छोटी-छोटी बातों में खुशियां तलाशें और मानकर चलें कि आप प्रसन्न हैं। कोई भी अपना मनपसंद काम करके खुशी पा सकता है। यदि आप मनचाहा काम करने जा रहे हों तो आपको सच्ची प्रसन्नता मिलती है। कुछ रचनात्मक कार्य करें, बेकार व्यक्ति कभी भी खुशी नहीं पा सकता। अपनी इच्छाएं सीमित करके अपने साधनों से संतुष्ट रहने में ही सच्ची खुशी छिपी है। जो लोग कुछ नहीं कर सकते उनके पास काम ही नहीं होता। खुशी का एक रहस्य यह भी होता है कि आप अपने हुनर से समाज, परिवार, सहकर्मियों व अपने काम आएं! साथियों बात अगर हम छोटी छोटी चीजों में खुशियां ढूंढने की करें तो, कभी कभार जो खुशी या संतुष्टि हमें बड़ी से बड़ी चीज में नहीं मिलती वह हमें छोटी सी बात में मिल जाती है। किसी को घूमने में खुशी मिलती है तो किसी को पेंटिंग करने से, कोई गाकर खुश हो जाता है तो कोई किसी से बात करने के बाद खुशी महसूस करता है। आपको अपने जीवन बस वह छोटी सी बात की ही जरूरत है और अगर आपने उस खुशी को वाकई ढूंढ़ लिया तो आप बड़ी से बड़ी परेशानी से भी निजात पा लेंगे। क्योंकि खुशी सफलता की चाबी है। साथियों बात अगर हम मनोवैज्ञानिक विचारों की करें तो, मनोवैज्ञानिक भी कहते हैं कि हमारे लिए अपने जीवन की हर छोटी-बड़ी चीज की सराहना करना बहुत जरूरी है, खुश और सकारात्मक रहने के लिए, लेकिन आमतौर पर, हम इसके विपरीत करते हैं। हम अपने जीवन में जो कुछ भी है उसकी सराहना नहीं करते हैं और अन्य चीजों को न कर पाने से निराश हो जाते हैं, ये अक्सर हमारी मानसिक शांति को छीन लेता है और हम जीवन में अधिक से अधिक होने के लिए अनावश्यक प्रतिस्पर्धा करते रहते हैं। लेकिन हममें से कुछ लोग हैं, जो अपने जीवन में छोटी-छोटी चीजों से खुश हो जाते हैं और वो अपने दिल की बात मानते हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि खुशी सफलता की चाबी है !जीवन की छोटी-छोटी बातों में खुशी ढूंढकर खुशी का आनंद ले कर खुश रहें तथा विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक पल ढूंढकर खुशी का इजहार कर अपनी कौशलता से दूसरों को प्रोत्साहित करना मानवता धर्म है।

## मोनिका डागा

## हिंद देश की पहचान हिंदी

कविता



हिंद देश की पहचान हिंदी,
जहॉं बहती हैं गंगा कालिंदी,
एकता का संगीतमय नाद,
हिंदी जन जन का आह्लाद ।

उद्घोष प्रखरतम् जनवाणी,
सरलतम मधुरतम् ये वाणी,
हिंदी में होते हैं भाव झंकृत,
जननी हैं देव वाणी संस्कृत ।

अभिव्यक्ति ये हर रस की,
बोली है ये जन मानस की,
अखण्डता की अमृत धार,
भारतीय हिंदी से करे प्यार ।

एक सूत्र में जिसने पिरोया,
छंद, अलंकारों में भिगोया,
जिसने जोडी प्रान्तिय भाषा,
हिंदी मन में बसी अभिलाषा ।

शाब्दिक अभिव्यंजना लयबद्ध,
श्रृंखला वर्णों की भी क्रमबद्ध,
समन्वय देशज भाषाओं का,
एकता की परिभाषाओं का ।

हमारा ₹आनंद₹ हर्षित गान,
भारत की आन बान शान,
मन के उद्गारों का रस राग,
हिंदी है जीवन का अनुराग ।

## हिंदी दिवस- 14 सितम्बर, 2025

# हिंदी की वैश्विक स्वीकार्यता के बावजूद देश में उपेक्षा क्यों?



ललित गर्ग

हिंदी दिवस केवल एक औपचारिक आयोजनात्मक अवसर नहीं, बल्कि हमारी भाषाई अस्मिता राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक आत्मगौरव का प्रयोजनात्मक प्रतीक है। विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा के रूप में हिंदी विश्व की उन चुनिंदा भाषाओं में से एक है जिसे करोड़ों लोग अपनी मातृभाषा, संपर्क भाषा और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का माध्यम मानते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ सहित अनेक वैश्विक मंचों पर हिंदी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। दुनिया के लगभग 180 देशों में हिंदी बोलने वाले हैं और अंग्रेजी, मंदारिन, स्पेनिश, अरबी जैसी भाषाओं की सूची में हिंदी भी अब शीर्ष स्थानों पर दर्ज है। फिर भी विडंबना यह है कि अपने ही देश में हिंदी को कई बार विरोध का सामना करना पड़ता है। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में क्षेत्रीय अस्मिता और भाषाई विविधता के नाम पर हिंदी के प्रति असहजता दिखाई जाती है। जबकि वस्तुतः हिंदी किसी भी क्षेत्रीय भाषा की प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि उन्हें जोड़ने वाली संपर्क-भाषा है। भारत की भाषाई संरचना में हिंदी एक केंद्रीय सूत्र की तरह है। यदि अंग्रेजी को शिक्षा, प्रशासन और तकनीकी का आधार बनाया जा सकता है, तो हिंदी का विरोध केवल मानसिक दासता का परिणाम माना जा सकता है। आज वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो जापान ने जापानी, फ्रांस ने फ्रेंच, चीन ने मंदारिन और जर्मनी ने जर्मन को आधुनिक विज्ञान, तकनीक और व्यापार की भाषा बनाया है। ये देश




अपनी भाषाओं को वैश्विक बनाते हुए भी अन्य भाषाओं से संवाद स्थापित करते हैं। जबकि भारत में अभी भी अंग्रेजी के प्रति अनावश्यक मोह और हिंदी के प्रति हीनभावना देखने को मिलती है। यह स्थिति हिंदी की उपयोगिता और सामर्थ्य के विपरीत है। हिंदी न केवल साहित्य और संस्कृति की भाषा है बल्कि विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, मीडिया, सिनेमा और व्यापार में भी अपनी जगह बना रही है। इंटरनेट पर हिंदी का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने हिंदी को अपने प्लेटफॉर्म पर प्राथमिक भाषा का स्थान दिया है। यह हिंदी की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। हिंदी की प्रासंगिकता आज के समय में और भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि यह केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीयता की पहचान है। राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी की भूमिका भारत को एकजुट करने और विश्व-पटल पर उसकी सांस्कृतिक छवि को मजबूत करने में अनिवार्य है। भाषा केवल बोलचाल का साधन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का भी आधार है। इसलिए हिंदी का विरोध करना अपने ही सांस्कृतिक आधार को कमजोर करना है। विश्व के 180 से अधिक देशों में हिंदी भाषी लोग रहते हैं और अमेरिका, कनाडा, मॉरीशस, सूरीनाम, फिजी, खाड़ी देशों व यूरोप में हिंदी शिक्षण संस्थान स्थापित हैं। इंटरनेट की भाषा के रूप में हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी भाषा बन चुकी है। यह वह स्थिति है जिसकी कल्पना दशकों पहले असंभव मानी जाती थी। लेकिन हिंदी की यह ख्याति केवल आज की तकनीकी क्रांति का परिणाम नहीं है, यह हमारी जड़ों में, संस्कारों में एवं राष्ट्रीयता की भावना में समायी हुई है। स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदी ने राष्ट्र को जोड़ने, जन-जन को जागृत करने और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध चेतना जगाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। महात्मा गांधी ने हिंदी को ह्लजनमानस की भाषाह्व और ह्लराष्ट्रभाषाह्व कहा। लोकमान्य तिलक, पं. नेहरू, राजेंद्र प्रसाद, विनोबा भावे, सुभाषचंद्र बोस और सरदार पटेल सभी ने हिंदी को राष्ट्रीय एकता का सूत्रधार माना। हिंदी प्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम की लौ प्रज्वलित की। प्रताप, अभ्युदय, कर्मवीर, सरस्वती जैसी पत्रिकाओं ने जनजागरण का काम किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में भाषण देकर विश्व स्तर पर हिंदी की पहचान को सशक्त किया और यह संदेश दिया कि हिंदी अंतरराष्ट्रीय संवाद की भी भाषा बन सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अनेक वैश्विक मंचों-ब्रिक्स सम्मेलन से लेकर संयुक्त राष्ट्र तक, पर हिंदी में अपने वक्तव्य देकर हिंदी को अंतरराष्ट्रीय सम्मान दिलाया है। उनके प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र में हिंदी विभाग का विस्तार हुआ और हिंदी समाचार बुलेटिन व डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर हिंदी का प्रसार बढ़ा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने गंगा बैराज का स्थलीय निरीक्षण किया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** केबिनेट मन्त्री, जल शक्ति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार स्वतन्त्र देव सिंह एवं अनिल गर्ग, प्रमुख सचिव, सिंचाई द्वारा चौधरी चरण सिंह, मध्य गंगा बैराज जनपद बिजनौर के बायें अफलक्स बंध पर प्रगतिरत फ्लड फाईटिंग कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें जिलाधिकारी जसजीत कौर सहित जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, विभाग के वरिष्ठतम अभियन्ता, प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, प्रमुख अभियन्ता (परिकल्प एवं नियोजन), प्रमुख अभियन्ता (परियोजना) साथ रहे। मन्त्री द्वारा निर्देश दिये गये कि युद्धस्तर पर फ्लड फाईटिंग का कार्य आगे भी कराते रहें एवं तटबंध को मजबूती प्रदान करते रहे तथा इसकी सतत निगरानी रखते हुये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती जाये। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी जसजीत कौर, जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, एनएचएआई, स्थानीय जनमानस, पी०डब्ल्यू०डी०, खनन विभाग, वन विभाग आदि ने सिंचाई विभाग जो भी अधिकारी कार्य पर लगाये गये, सबने मिलकर दिन-रात कार्य कराते हुये तटबंध को फ्लड में बचाया, यह बहुत सराहनीय है और सभी बधाई के पात्र है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि 07 सितंबर को गंगा नदी द्वारा अपना मार्ग परिवर्तित करते हुये लगभग 500 मीटर बायीं ओर बायें अफलक्स बंध के कि०मी० 6.400 से कि०मी० 6.900 के मध्य कटान शुरू कर दिया, जिससे मध्य गंगा वैराज के आऊटफ्लैंक होने की सम्भावना तथा जनपद बिजनौर के आबादी क्षेत्र एवं समीपस्थ लगभग 25 ग्रामों में बाढ़ का गम्भीर खतरा उत्पन्न हो गया। सिंचाई विभाग द्वारा तत्काल बायें अफलक्स बंध की सुरक्षा के लिए युद्धस्तर पर फ्लड फाईटिंग का कार्य आरम्भ किया गया। तत्काल तटबंध को बचाने के लिए युद्धस्तर पर दिन-रात फ्लड फाईटिंग का कार्य आरम्भ कराया गया। जिसमें 06 नं० पोकलेन, 07 नं० जे०सी०बी०, 03 नं० डोजर एवं ग्रेडर, 40 नं० डम्पर, 60 नं० ट्रैक्टर एवं लगभग 400 श्रमिक प्रतिदिन लगाये गये। उन्होंने बताया कि बायें अफलक्स बंध के कटने की सम्भावना को देखते हुये अफलक्स बंध में सैट बैंक में मिट्टी भराव का कार्य प्रारम्भ कराया गया तथा फ्लड फाईटिंग के अन्तर्गत ई०सी० बैग, जियो बैग, नायलॉन केट, बोल्डर, वायर केट, बल्ला स्टड/पाईलिंग एवं परकूपाईन, आदि का प्रयोग किया गया। जिसको पूर्ण कराने तथा तटबंध को सुरक्षा प्रदान कराने में मुख्य अभियन्ता, मध्य गंगा, पूर्वी गंगा, गंगा, ओखला हेडवर्क्स, अफजलगढ़ सिंचाई खण्ड धामपुर, पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-4, खण्ड-6, के अधिशासी अभियन्ता व अन्य स्टाफ द्वारा भरपूर सहयोग किया गया।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना सिविल लाइन का किया आकस्मिक निरीक्षण, बाद निरीक्षण थाना क्षेत्र में की पैदल गस्त

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के साथ थाना सिविल लाइन का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने साइबर सेल, कम्प्यूटर कक्ष, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, बैरक, भोजनालय, मालखाना व थाना परिसर में चल रहा मरम्मत कार्य आदि एवं विभिन्न पॉर्टल पर की जाने वाली फीडिंग व साइबर सेल की कार्यप्रणाली का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बाद निरीक्षण पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपराध नियन्त्रण, कानून/शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत थाना सिविल लाइन से पहाड़ी गेट तक मय पुलिस बल पैदल गस्त की गयी।

# जोतबही से अधिक उर्वरक की बिक्री करने पर 06 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि शासन द्वारा समय-समय पर उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरकों की बिक्री कृषकों को उनकी जोतबही के अनुसार करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उन्होंने बताया कि अगस्त टॉप-20 यूरिया बायर्स की जांच में पाया गया कि मैसर्स ज्योतिपथ पंजाबनगर, मैसर्स मालवा एग्रो बिलासपुर एवं मैसर्स अनम कृषि सेवा केंद्र, टांडा के द्वारा कृषकों को यूरिया की बिक्री उनकी जोतबही से अधिक मात्रा में की गयी, जिसके क्रम में उनका उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त मैसर्स हाजी पेस्टीसाइड, मैसर्स हदीशा पेस्टिसाइड फर्टिलाइजर एवं मनकरा सहकारी समिति के भी प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिये गये हैं। जिला कृषि अधिकारी ने कृषकों से अनुरोध किया है कि उर्वरकों का क्रय अपनी जोतबही एवं फसल की संस्तुति के अनुसार ही करें। इसके अतिरिक्त यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरक की बिक्री निर्धारित दरों से अधिक पर की जाती है या उर्वरक के साथ अन्य कम प्रचलित उत्पादों की टैगिंग की जाती है तो कृषक अपनी शिकायत कार्यालय के कण्ट्रोल रूम नंबर-9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते है। शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए दोषी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# छात्र-छात्राओं के जीवन से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा - डीएम

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव वाजपेयी, आरटीओ अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, परिवहन, ट्रैफिक पुलिस अधिकारी समिति अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन स्कूलों द्वारा छात्र-छात्राओं के परिवहन के लिए वाहनों द्वारा निर्धारित सुरक्षा के मानकों का अनुपालन नहीं कराया जा रहा है। उनके संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के जीवन से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्कूली बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत निर्देश दिए कि उप संभागीय परिवहन विभाग तथा ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी संयुक्त रूप से बच्चों का परिवहन करने वाले वाहनों की फिटनेस आदि की चेकिंग करें और कमी पाए जाने पर उनके खिलाफ समुचित कार्यवाही करते हुए उनका परिवहन बंद कराएं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा समाज के हर व्यक्ति की जिंदगी से जुड़ी हुई है। जिसके पेशेनजर आवश्यक है कि सड़क सुरक्षा को पूर्ण मानकों के अनुसार सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ब्लेक स्पॉट सहित सभी एक्सीडेंटल स्थानों पर एक्सीडेंट रोकने के लिए सभी आवश्यक प्रयास और उपाय किए जाएं और साथ ही यह भी निर्देश दिए कि जांच करें कि किन कारणों से एक्सीडेंट हो रहे हैं। उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों निर्देश दिए कि बरसात में नेशनल हाईवे के जो मार्ग क्षतिग्रस्त हुए हैं उनकी तत्काल मरम्मत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एनएचआई एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में विशेष ध्यान देते हुए सड़क के दोनों ओर प्राथमिकता पर सुरक्षात्मक चिन्ह एवं रिफिलेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित जगहों पर टेबिल टाप रोड ब्रेकर भी बनवाएं तथा चालकों की सुविधा के लिए उन पर सफेद लाइन भी बनाई जाएं ताकि कम से कम दुर्घटना की सम्भावना रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर दुर्घटनायें हो रही हैं। उन्हें चिन्हित कर, उनमें तत्काल सुधार की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।


# तालाब में गिरी ई रिक्शा एक की मौत

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर के तहसील नजीबाबाद के किशोरपुर उर्फ रम्मनवाला नजीबाबाद से कैल्हेड़ी की ओर जा रही ई रिक्शा जिसमें तीन सवारी एक लेडिस सवारी थी जो नजीबाबाद से कैल्हेड़ी की ओर जा रहे थे जो जलालाबाद पूल के नीचे से नहर आई है वह ग्राम रम्मनवाला से होते कैल्हेड़ी जा रहे थे रमन वाले के पास ई रिक्शा तालाब में पलट गई जिसमें ई रिक्शा चालक भाग गया और दो युवक एक लेडिस तालाब में गिर गई तालाब में रिक्शा गिरने पर हड़कंप मच गया कुछ ग्रामीण लोगों ने तालाब में कूद कर उनके जान बचाई पूजा हॉस्पिटल के लिए भेज दिया जिसमें से दो घायल बताए जाते हैं और डॉक्टरों ने तीसरे व्यक्ति मृतक को घोषित कर दिया है नाम शादाब बताया जा रहा है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला बिजनौर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया यह व्यक्ति स्याहारा का बताया जा रहा है जिसकी उम्र लगभग 30 से 32 वर्ष बताई जा रही है समय लगभग 8 से 8:30 बजे तक की यह सारी घटना है यह पूरी घटना थाना क्षेत्र नजीबाबाद के ग्राम किशोरपुरा उर्फ रम्मनवाला की है।

# एसएसपी ने ली शुक्रवार परेड की सलामी



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक किया तथा शस्त्र खोलने की प्रक्रिया, अग्निशामक यंत्रों का प्रयोग, येलो टेप से घटनास्थल को सुरक्षित करने जैसी महत्वपूर्ण कवायत कराई।

परेड में शामिल थानों की गाड़ियों एवं पीआरवी/डायल-112 वाहनों का भी निरीक्षण किया गया। एसएसपी ने नाइट चेकिंग रजिस्टर देखा और पीआरवी गाड़ियों में मेडिकल किट, येलो टेप जैसी आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, रेस्पांस टाइम कम करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उन्हें प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन दिया। तत्पश्चात पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर आदेश कक्ष में संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक को पुलिस लाइन परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, सरकारी संपत्ति की देखभाल करने, अभिलेखों को समय-समय पर अद्यतन रखने तथा वाहनों की नियमित मेंटेनेंस व चेकिंग कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर ऋजुल, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# एफएलएन प्रशिक्षण में शिक्षकों को सिखाए गए अंग्रेजी पढ़ाने के आसान तरीके




**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा।** ब्लॉक भगतपुर टांडा में खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के मार्गदर्शन में निपुण भारत मिशन के तहत एफएलएन एवं एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों पर आधारित ब्लॉक स्तरीय शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी नेकपुर एवं जूनियर हाई स्कूल पदियानगला में संचालित है। शुक्रवार को हुए प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को छह ग्रुपों में विभाजित कर अंग्रेजी विषय ₹संतूर₹ के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। उद्देश्यों की समझ विकसित करने के बाद प्रत्येक समूह को फन एंड फैमिली, अपोजिट वर्ड, कलर्स नेम, वेजिटेबल नेम, फ्रूट्स नेम, डे एंड मंथ नेम आदि विषयों पर आधारित कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुति देने को कहा गया। शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रस्तुतियां दीं। संदर्भदाता के रूप में केआरपी नवनीत कुमार बिश्नोई,एआरपी श्रवण कुमार,एआरपी विनय कुमार, वसीम राजा, मोहम्मद अनीस एवं पारुल जैन ने विभागीय गाइडलाइन के अनुसार प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण स्थल की व्यवस्थाएं वरिष्ठ अध्यापक सुभाष चंद्र द्वारा संभाली गईं।

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत नजीबाबाद में छात्राओं को जागरूक किया गया



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद मिशन शक्ति फेज-5 के विशेष अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को एंटी रोमियो टीम ने नगर में जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस दौरान महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव, नारी स्वावलंबन और सशक्तिकरण से जुड़ी अहम जानकारियाँ दी गईं कार्यक्रम में टीम ने छात्राओं को किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद के लिए डायल 1090, 112, 1098 सहित अन्य हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि बेटियाँ निडर होकर आगे बढ़ें और किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर बेझिझक इन हेल्पलाइन नम्बरों का इस्तेमाल करें। इस दौरान छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक सवाल पूछे और टीम ने उनके हर प्रश्न का समाधान किया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा की भावना जागृत करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना बताया गया।

# बिजली विभाग के पास नहीं समस्याओं का समाधान, धरना दूसरे दिन भी रहा जारी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नांगल सोती** - अंधाधुंध बिजली कटौती व बिजली विभाग से सम्बंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर लगातार दूसरे दिन भी भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता विद्युत उपकेन्द्र सौफतपुर बिजलीघर पर बिजली विभाग से सम्बंधित अपनी-अपनी मांगों और समस्याओं के समाधान को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए धरने पर डटे हुए हैं जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि बिजली विभाग से सम्बंधित अधिकारियों के पास किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं है। क्षेत्र में अंधाधुंध बिजली कटौती की जाए रही है बिजली की लाईनें जर्जर अवस्था में है। विभाग के अधिकारी व कर्मचारी अनैतिक तरीके से भोले भाले किसानों व मजदूरों को परेशान करने का काम करते हैं । मीटरों में खपत से अधिक बिल आ रहें हैं। ऐसे में विद्युत विभाग के कारनामों से त्रस्त होकर लगातार दूसरे दिन भी सौफतपुर बिजलीघर पर बड़ी संख्या में भाकियू लोकशक्ति पदाधिकारी व कार्यकर्ता धरना-प्रदर्शन डटें हुए हैं। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि समस्याओं के समाधान ना होने की स्थिति में विभाग के कार्यालयों में तालाबंदी करके धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने समस्याओं के समाधान तक धरना-प्रदर्शन अनिश्चितकाल तक जारी रखने की घोषणा की । बिजली विभाग से किसानों की प्रमुख मांगे - 1 क्षेत्र में हो रहीं अंधाधुंध बिजली कटौती को रोककर गावों में पूरे 18 घंटे बिजली आपूर्ति की जाए।2 जिन उपभोक्ताओं के मीटरों में गड़बड़ी है और बिल ज्यादा आ रहें हैं उनको तत्काल प्रभाव से बदला जाए।



# खून से लथपथ बाग में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना क्षेत्र के छोटा बेलउख गांव में चरवाहों ने शुक्रवार को दोपहर बाग में एक किशोर का शव पड़ा देखा। शव पूरी तरह से खुन से लथपथ था। घटना की सूचना पर खेसरहा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल मे जुट गयीं। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने मृतक की पहचान आकाश गुप्ता पुत्र लालमन गुप्ता के रूप में की।

घटना की सूचना किशोर के परिवार वालों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया आकाश दोपहर करीब 12 बजे घर से निकला था। उसके गले में सोने की चेन थी, जो गायब है। परिवार ने पंचमोहनी निवासी शैलेश यादव और ढूंढनी निवासी सोनू गुप्ता पर हत्या का आरोप लगाया। ये दोनों आकाश के काफी करीबी दोस्त थे।तीनों अक्सर साथ घूमते-फिरते और पार्टी करते थे। तीनों एक ही स्कूल, विकास इंटर कॉलेज बेलोहवा में साथ पढ़ते थे। आकाश 12वीं का छात्र था। उसके छोटे भाई का नाम विकास है। परिवार में माता-पिता, दादा और भाई सहित पूरा परिवार रहता है।ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे आकाश को शैलेश और सोनू के साथ बेलऊख बाग की ओर जाते देखा था। कुछ घंटे बाद उसी बाग में आकाश का शव पड़ा मिला। हत्या की सूचना मिलते ही खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र, सीओ मयंक द्विवेदी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के दादा रामबरन ने बताया आकाश के दोस्त अक्सर उसे घर से ले जाते थे। फिर रात को घर छोड़ जाते थे। तीन चार साल से इनकी दोस्ती ऐसे ही चल रही थी।

## पुलिस आयुक्त के आदेश पर पैसा लेकर जमीन न देने पर मुकदमा दर्ज

**कछवांरोड।** मिजार्मुराद पुलिस ने गुरुवार की रात पुलिस आयुक्त के आदेश पर राजातालाब थाना क्षेत्र के कचनार गांव निवासी राजकुमार के प्रार्थना पत्र पर मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के भिखारीपुर गांव निवासी बसमत्ती देवी व राजेन्द्र के खिलाफ धारा 406, 504 व 506 का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई। पीड़ित राजकुमार ने पुलिस आयुक्त के यहां प्रार्थना पत्र देकर बताया कि भिखारीपुर (मिजार्मुराद) गांव निवासिनी बसमत्ती देवी से सट्टा हेतु 7 लाख 50 हजार रुपया में एक जमीन तय हुआ।जिसके बाद आरटीजीएस के जरिये 6 लाख रुपया बसमत्ती देवी के खाते में पैसा भेज दिया गया। बाकी पैसा बैनामा के समय खाते में भेजने की बात हुई थी।जब में बैनामा के लिए बात करना चाहा तो बसमत्ती देवी के पति द्वारा भद्दी-भद्दी गाली दिया गया और जान से मारने की धमकी देने लगा।कई बार पैसा वापस मांगा गया लेकिन पैसा भी नही दिये न ही जमीन बैनामा किया।

# हमलावरों की गिरफ्तारी को लेकर अखिल ब्राह्मण महासभा ने एसपी को दिया ज्ञापन

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** अखिल ब्राह्मण महासभा समेत अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से मिलकर मांगपत्र सौंपा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा जिला अध्यक्ष सुधीर पांडे फरसा बाबा के नेतृत्व मे पुलिस अधीक्षक को हमलावरों की गिरफ्तारी को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में बाइक सवार युवकों के हत्या के प्रयास के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।शोहरतगढ़ क्षेत्र के धनगढ़िया निवासी अतुल पांडेय एवं एक अन्य युवक की हत्या करने के लिए जानलेवा हमला हुआ था।

चार दिन बीतने के बाद भी घटना को अंजाम देने वाला मुख्य अपराधी एवं उसके साथियों को गिरफ्तार नहीं किया गया। इससे नाराज लोगों ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल से न्याय की गुहार लगाई।

ज्ञापन के दौरान अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा जिला अध्यक्ष सुधीर पांडे फरसा बाबा, प्रधान पंकज चौबे, अधिवक्ता रजत त्रिपाठी, प्रधान प्रवेश शुक्ला, न्याय एक संकल्प अध्यक्ष रामकृष्ण पांडे, अधिवक्ता विनय पंडित, अधिवक्ता राज मंगल पांडे, विकास पांडे, शनि उपाध्याय, आशीष शुक्ला, राजन पांडे, अमरनाथ पांडे, राकेश मिश्रा, नीरज पंडित, कृष्णा पांडे, अंकित दुबे, सिंहेश्वरी मंदिर के संचालक दिव्यांशु जी महाराज, सत्य पंडित, बाबा बालमुकुंद, जीदीपेंद्र पांडे, अजय मिश्रा, उदय अभिनव पांडे, शिवसागर पांडे, नागेश्वर मिश्रा उर्फ गोलू, एसपी मिश्रा, अनूप कुमार मिश्रा, केडी ओझा पांडे, डॉ आशीष पांडे, स्वर्ण आर्मी जिला अध्यक्ष विनोद दुबे, आदि लोग शामिल रहे।

## टीबी रोगियों को नहीं देखने वाले अस्पतालों के लाइसेंस होगें निरस्त:सीएमओ

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बांसी/सिद्धार्थनगर।** मुख्य चिकित्साधिकारी रजत चौरसिया द्वारा जनपद के बांसी और मिठवल ब्लॉक क्षेत्र के निजी चिकित्सा सेवा प्रदाताओं की बैठक बहबोल आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर किया गया । मुख्य चिकित्साधिकारी रजत चौरसिया ने सभी से टीबी रोगियों को चिन्हित किए जाने के निर्देश दिए गए, साथ ही कड़े लहजे में ये भी स्पष्ट कर दिया कि जनपद के जो चिकित्सालय टीबी रोग देख रहे हैं और चिन्हित नहीं कर रहे हैं उनका लाइसेन्स निरस्त कर दिया जाएगा। जिला कार्यक्रम समन्यवक पंकज त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि निजी डॉक्टर को नोटिफिकेशन किए जाने पर पैसा दिए जाने का भी प्राविधान है, जो नोटिफिकेशन करने वाले सभी डॉक्टरों को दिया जा रहा है। जनहित और रोगी हित में टीबी नोटिफिकेशन को लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि की अपील की गई। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सभी 12 प्रकार के स्क्रीनिंग व अभियान की सफलता के लिए सभी से अपील किया गया। इस अवसर पर मिठवल अधीक्षक डॉ० राजीव रंजन, बसंतपुर अधीक्षक डॉ०धर्मेंद्र चौधरी, एसटीएलएस चंदन सिंह व अन्य चिकित्सा कर्मचारी आदि मौजूद रहें।

## खाद्य विभाग ने छापेमारी कर 17 नमूने भरें,जांच के लिए भेजा



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** सहायक आयुक्त (खाद्य) खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की सचल दल ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापा मारा।इस दौरान नौगढ़ से आम, लहसुन, मिक्स अचार के पांच, शूगर बॉयल्ड कन्फेक्शनरी तीन, ग्रीन चिल्ली चार, रेड चिल्ली सास, आंवला मुरब्बा व जैम के दो-दो तथा टोमेटो कैचप का नमूना जांच के संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला भेजा। इस दौरान दल द्वारा कुल 17 खाद्य पदार्थो के नमूने संकलित किए गए। साथ ही खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने, मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री न करने के लिए निर्देशित किया। टीम में सहायक आयुक्त खाद्य आरएल यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जय प्रकाश, नीरज कुमार चौधरी एवं हीरा लाल शामिल रहे।

## विश्वकर्मा मंदिर पर जुड़े भाजपाई, हुई बैठक



**वाराणसी।** सेवापुरी विधान सभा के राजातालाब मण्डल में माननीय प्रधान मंत्री जी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा सप्ताह पखवाड़ा के तहत राजातालाब के विश्वकर्मा मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से राजातालाब मण्डल के प्रभारी अरविन्द पटेल, पंकज पटेल, नवनियुक्त पंचायत चुनाव प्रभारी प्रेमशंकर पाठक किसान मोर्चा के जिला महामंत्री, हीरालाल विश्वकर्मा, राकेश बिन्द, मण्डल महामंत्री सुरेश पटेल, अनिल पाण्डेय, चुन्नीलाल, राजेश पटेल, मनोज पटेल, रवि सिंह, मतिवर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्व. यशपाल सिंह की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि

**कछवांरोड।** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित किसान इंटरमीडिएट कालेज में शुक्रवार को स्वर्गीय यशपाल सिंह की पुण्यतिथि पर पहुंची भाजपा उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश निगम की अध्यक्ष कलावती सिंह ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।कालेज की प्रबंधक सविता सिंह व प्रधानाचार्य डॉ. शिवराज मिश्रा के द्वारा निगम की अध्यक्ष कलावती का अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर कालेज परिवार के तरफ से स्वागत व अभिनंद किया गया ।कालेज के सभी प्रवक्तागण ने स्वर्गीय यशपाल सिंह के शिक्षा एवं समाज के क्षेत्र में योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# मिशन कंपाउंड स्थित इंग्लिश स्कूल समेत अन्य प्रॉपर्टी को तहसील प्रशासन की टीम ने किया सील

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** मैथोडिस्ट चर्च से जुड़ी प्रॉपर्टियों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। नए एक्जीक्यूटिव सेक्रेटरी परमिंदर मैसी के कार्यभार संभालते ही शुक्रवार को तहसील सदर की टीम ने अचानक इंग्लिश स्कूल की प्रॉपर्टी पर छापा मारा और उसे सील कर दिया। इससे एक दिन पहली तहसील प्रशासन की टीम बिशप हाउस में बिशप सीजी दयांनद से मिली थी। तहसील प्रशासन की टीम ने सरकारी खाते में राजस्व जमा करने के लिए कहा था। जिस पर बिशप ने उन्हें बताया था कि मैंने हाल ही में कार्यभार संभाला है। नये सेक्रेट्री राजस्व टीम को रोकने में नाकाम रहे। जिस पर टीम ने इंग्लिश स्कूल समेत एक अन्य प्रापर्टी को सील कर दिया। कार्रवाई इतनी अचानक हुई कि स्कूल से जुड़े लोग और आसपास के लोगों में खलबली मच गई। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार चर्च से जुड़े संस्थानों पर करीब 77 लाख रुपये का बकाया है। इसमें से अकेले मुंबई के बिशप सी. जी दयानंद पर लगभग 73.70 लाख रुपये की वसूली बनती है। इनके खिलाफ पहले भी रिकवरी सर्टिफिकेट जारी हो चुका है, लेकिन रकम जमा नहीं की गई। अब एडीएम (वित्त-राजस्व) के आदेश पर सख्ती शुरू हो गई है। इसी बीच डॉरिस नेथन केस ने भी तूल पकड़ लिया है। सिविल लाइंस निवासी डॉरिस नेथन ने अपने दिवंगत पति जे.आर. नेथन की 3.25 लाख रुपये ग्रेच्युटी की मांग की थी। श्रम विभाग ने 16 मार्च को आदेश जारी करते हुए जिम्मेदार पदाधिकारियों पर वसूली के निर्देश दिए थे।

> अभी तक 20.45 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है, पहला चेक 5.87 लाख और दूसरा चेक 14.58 लाख रुपए का चेक मिला है। बकाया राशि जल्द ही वसूल की जाएगी।
> **-प्रमोद कुमार, एसडीएम सदर बरेली।**

## बच्चों के सुविधा के लिए प्राथमिक विद्यालय में वितरण हुआ जरूरतमंद सामान



**वेलकम इंडिया**

**कछवांरोड।** सेवापुरी ब्लाक के बिहड़ा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को आई.डी.बी.आई बैंक द्वारा बच्चों के सुविधा हेतु कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, आर.ओ, वाटरकूलर, प्रोजेक्टर, पंखा, कूलर, साउंड सिस्टम का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद आई.डी.बी.आई बैंक के ए.जी.एम स्वप्निल साहू ने कहां की बच्चों के सुविधा हेतु बैंक के तरफ से ये सब सामान दिया गया इन सब सामान से बच्चों को काफी सुविधा होंगी और जिन कमरों में पंखा नही है उन कमरों के लिए पंखा और कूलर दिया गया है। कार्यक्रम में बैंक के असिस्टेंट मैनेजर आशुतोष गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार, ग्राम प्रधान कमलेश यादव, बरकी के पूर्व प्रधान रमेश यादव, ठठरा संकुल प्रभारी चंद्रबली पटेल, काशीनाथ यादव, शशिकांत दुबे, अमित, सतीश दुबे, चंद्रशेखर, नमिता, रमेश कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

## पशु डॉक्टर समेत दो को मारपीट किया घायल, 12 हजार छीनने का आरोप

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के भोरकला (मिजार्मुराद) निवासी कृष्णानंद मिश्रा ने मिजार्मुराद थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि में पेशे से पशु डॉक्टर हूं शुक्रवार की शाम अपने साथी आकाश सिंह के साथ बेनीपुर (मिजार्मुराद) में पशु इलाज हेतु देखने जा रहा था तभी एक गाड़ी से पहुंचे छह लोगों ने मेरी गाड़ी रोककर धारधार हथियार से हमला कर दिया और मेरा पर्स भी छीन लिये जिसमें लगभग 12 हजार रुपया था और बाइक की चाभी भी निकाल कर लेकर चले गए।पीड़ित ने बताया कि जिसमें मेरे गांव के अभिषेक मिश्रा व उसका साथी लालपुर (मिजार्मुराद) निवासी शुभम तिवारी समेत अन्य लोग भी थे।घटना के बाद अभिषेक मिश्रा व शुभम तिवारी दोनों लोग मेरे घर पर भी आए और दरवाजे पर चढ़कर मेरे माता-पिता समेत सभी को जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले।

# बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी की बहन की पोस्ट बनी जंग का बहाना

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** शुक्रवार तड़के बरेली के पॉश इलाके सिविल लाइंस में बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के पिता और रिटायर्ड डिप्टी एसपी जगदीश पाटनी के घर पर अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर सनसनी फैला दी। इस वारदात की जिम्मेदारी कुख्यात गोल्डी बराड़ गैंग ने सोशल मीडिया के जरिए ली है, जिससे पुलिस और खुफिया एजेंसियों में हड़कंप मच गया है।

घटना शुक्रवार तड़के करीब 3:30 बजे की है, जब बाइक सवार दो बदमाशों ने पाटनी परिवार के घर के मुख्य गेट और दीवार पर 4 से 5 राउंड फायरिंग की। गोली चलने की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा। हमले के तुरंत बाद परिवार ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने उनके घर की सुरक्षा बढ़ा दी। सूत्रों के अनुसार, यह हमला सीधे तौर पर दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी की एक सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़ा हुआ है। खुशबू, जो कि रिटायर्ड मेजर हैं, ने 29 जुलाई को संत प्रेमानंद और कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ एक टिप्पणी की थी, जिसे बाद में डिलीट कर दिया गया था। इसी टिप्पणी को लेकर गोल्डी बराड़ गैंग ने बदला लेने की धमकी दी थी।

गैंग के सदस्य रोहित गोदारा ने फेसबुक पर एक पोस्ट में फायरिंग की जिम्मेदारी ली और लिखा कि यह हमला ₹धर्म और संतों के खिलाफ की गई टिप्पणी₹ का बदला है। उसने आगे चेतावनी भी दी कि भविष्य में कोई भी संतों पर टिप्पणी करेगा तो उसे अंजाम भुगतना पड़ेगा। हालांकि यह पोस्ट कुछ देर बाद डिलीट कर दी गई, लेकिन इसका स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया और मीडिया में वायरल हो चुका है। एसएसपी अनुराग आर्य ने इस घटना को गंभीर सुरक्षा चूक मानते हुए एसपी सिटी मानुष पारीक और एसपी क्राइम मनीष चंद्र सोनकर के नेतृत्व में पांच टीमों का गठन किया है। इनमें एसओजी और सर्विलांस सेल भी शामिल हैं। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और हमलावरों की तलाश जारी है। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा है कि इस हमले की साजिश का जल्द खुलासा होगा। मामले को बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है। आपको बता दें कि गोल्डी बराड़, पंजाब का कुख्यात गैंगस्टर है, जो गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की साजिश में भी नामजद रह चुका है। उसका साथी रोहित गोदारा अब सोशल मीडिया पर धार्मिक भावना के नाम पर हिंसा की धमकियां दे रहा है। दोनों पर पहले से गैंगस्टर एक्ट और कई आपराधिक धाराओं में केस दर्ज हैं।

## महिला अपनी दो बेटियों के साथ सरयू नहर में लगाईं छलांग



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**भवानीगंज/सिद्धार्थनगर।** भवानीगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बढ़नीचाफा में एक महिला ने अपनी दो बेटियों के साथ सरयू नहर में छलांग लगा दी। वार्ड नंबर 16 निवासी बजरंगी की 30 वर्षीय पत्नी पूनम ने अपनी बेटियां हिमांसी और दीवांसी के साथ विकास नगर और बडहरा के बीच स्थित सरयू नहर के पुल से छलांग लगाई। आस-पास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने नहर में कूदकर मां और छोटी बेटी दीवांसी को बचा लिया। दोनों को सीएचसी बेंवा ले जाया गया। डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए उन्हें बस्ती रेफर कर दिया। बड़ी बेटी हिमांसी नहर में बह गई। ग्रामीणों की खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने बताया कि महिला का बयान लेकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लापता बच्ची की तलाश के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी।

## रामगंगा चौकी बना वसूली अड्डा

# कांस्टेबल तेजवीर पर अवैध वसूली का आरोप

**वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य**



**बरेली।** सुभाष नगर थाना क्षेत्र की रामगंगा चौकी में तैनात एक कांस्टेबल पर ग्रामवासियों से अवैध वसूली, झूठे केस में फंसाने की धमकी, और असामाजिक तत्वों से सांठगांठ के गंभीर आरोप लगे हैं। ग्राम अंगूरीटांड़ के दर्जनों ग्रामीणों ने एसएसपी अनुराग आर्य को लिखित शिकायत देकर कांस्टेबल तेजवीर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कांस्टेबल तेजवीर चोरों और दलालों से मिलकर गाँव में भय और आतंक का माहौल बनाए हुए है। निर्दोष ग्रामीणों को चौकी पर बिना कारण बुलाकर उनसे अवैध रूप से पैसे वसूलता है। और कहता है कि अगर किसी ने शिकायत की तो किसी न किसी केस में फंसा कर जेल भेज दूंगा। ग्रामीणों का कहना है कि कांस्टेबल तेजवीर रामगंगा चौकी पर वर्षों से जमे रहने के कारण एक 'वसूली सिंडिकेट' चला रहा है। यही नही दलालों को कमीशन देकर सिस्टम को गुमराह करता है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि चौकी पर तैनात तेजवीर गांव में अपने दलालों के माध्यम से गतिविधियों को अंजाम देता है और सच्चे पीड़ितों की कोई सुनवाई नहीं होती। ग्राम प्रधान सहित तसलीम, सद्दाम, तहजीब, शाहिद, फैजान, रहीस अहमद, इकरार, रियाज आदि ग्रामीणों ने एसएसपी अनुराग आर्य को प्रार्थना पत्र सौंपकर कहा है कि यदि तेजवीर के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जिला कार्यालय पर धरना देने को मजबूर होंगे। एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, शिकायत की जांच के निर्देश दे दिए गए हैं और संबंधित चौकी प्रभारी व थाना सुभाष नगर को रिपोर्ट देने के लिए भी कहा गया है।

# पुलिस ने कबाड़ी बाजार में वेश्यावृत्ति गिरोह का किया भंडाफोड़, 17 महिलाएं मुक्त

**जाकिर तुर्क वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** ऑपरेशन मिशन शक्ति अभियान के तहत मेरठ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना एएचटीयू और महिला थाना पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कबाड़ी बाजार क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे कोठों पर छापेमारी की। इस दौरान वेश्यावृत्ति के धंधे का खुलासा हुआ।

क्षेत्राधिकारी कैंट नवीना शुक्ला के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने 17 महिलाओं को मुक्त कराया, जिन्हें लालच देकर जबरन वेश्यावृत्ति में धकेला गया था। मौके से पुलिस ने 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जिनमें 04 महिलाएं भी शामिल हैं। इनके कब्जे से 07 मोबाइल फोन बरामद किए गए।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना एएचटीयू पर अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 व बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तों में शामिल हैं

मसूद पुत्र नवाब अली, लोहिया नगर मेरठ,इलियास पुत्र फयाज, राशिद नगर लिसाड़ीगेट, मेरठ,जाकिर पुत्र इस्माइल, जाकिर कॉलोनी लोहियानगर, मेरठ, याकुब पुत्र इस्लामुद्दीन, पट्टा मोहल्ला बागपत,कन्हैया तामंग पुत्र ओमप्रकाश, प्रयागराज,राधा उर्फ शालू क्षेत्री पत्नी विजय, दार्जिलिंग (प. बंगाल)सरिता पुत्र आलम, सीकर (राजस्थान)शिल्पा पुत्र स्व. ललित, टोंक (राजस्थान) राजमाला पुत्र संतोष, डूंगरपुर (राजस्थान) मेरठ पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से अवैध वेश्यावृत्ति के कारोबार पर बड़ा असर पड़ा है। समाज विरोधी गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# प्रभारी मंत्री ने किया बाढ़ शरणालय स्थल एवम अक्षय पात्र के रसोईघर का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** वृन्दावन स्थित पर्यटक सुविधा केंद्र के सभागार में माननीय प्रभारी मंत्री / राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह ने बाढ़ के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया कि जनपद में 167.68 मीटर तक यमुना जी का जलस्तर आया था। जनपद के 58 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए तथा 18 ग्रामों के निवासियों को बाढ़ शरणालय स्थलों में शिफ्ट किया गया। उन्होंने अवगत कराया कि बाढ़ शरणालय स्थल में लगभग 5400 लोगों को सुरक्षित रखा गया तथा सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

लगभग 12200 लंच पैकेट का वितरण किया गया। 1500 राशन सामग्री किट का वितरण किया गया है। लगभग 650 पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है तथा सभी के पर्याप्त भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। 23 मेडिकल टीम, 12 एम्बुलेंस तथा 19 वाहन खोज कार्य हेतु लगाए गए। 5 पुलिस प्रशासन की मोटर बोट लगाई गई। 31 गोताखोर की तैनाती की गई। जनपद में 25 बाढ़ शरणालय स्थल/ शेल्टर होम स्थापित किए गए है, जिसमें रूहानी आश्रम, विशाल मैरिज होम, सुबटी देवी इंटर कॉलेज, गुरुकुल विश्वविद्यालय, श्री गीता (बिरला) धर्मशाला, सुभाष इंटर कॉलेज आदि में लोगों को शिफ्ट किया गया।

जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जो लोग बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में घरों में रुके हुए है, उनको नावों के माध्यम से खाना, पानी, दूध आदि उपलब्ध कराया गया है। बाढ़ प्रभावित परिवारों को ससमय मुआवजा प्रदान करने के लिए सभी को निर्देशित कर दिया गया है। सर्वे के कार्य के उपरांत सभी को मुआवजा दिया जाएगा।

मंत्री जी ने निर्देश दिए कि सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाए, बीमारियों को रोकने के लिए पूर्ण तैयारी की जाए, एंटी लार्वा छिड़काव कराया जाए। लोगों को सफाई हेतु जागरूक किया जाए। मंत्री जी ने निर्देश दिए कि सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों के नष्ट फसलों एवं क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे ससमय पूर्ण करे तथा सभी को मुआवजा दिया जाए।

उक्त कार्य में पारदर्शिता का विशेष ध्यान दिया जाए। सरकार सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है, उनकी परेशानियों को दूर करने हेतु सभी व्यवस्थाएं करने हेतु सरकार कटिबद्ध है। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, एसपी सिटी राजीव कुमार, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी, जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

गुरुकुल विश्वविद्यालय निरीक्षण के उपरांत मंत्रीजी ने सुबटी देवी इंटर कॉलेज में स्थापित बाढ़ शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को चिप्स, चॉकलेट, केला, बिस्किट आदि का वितरण किया। उन्होंने संपूर्ण केंद्र का अवलोकन किया, बाढ़ प्रभावित परिवारों से वार्ता की तथा सभी का कुशलक्षेम जाना।

मंत्री जी ने वृंदावन स्थित अक्षय पात्र फाउंडेशन की रसोईघर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न मशीनों का अवलोकन किया तथा बन रहे खाने एवं रोटियों को देखा।

# बीडीए ने बिना नक्शा पास कराए बन रहीं तीन बिल्डरों की अवैध कॉलोनियों को जमींदोज किया

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रजपुरा माफी में शुक्रवार को बीडीए ने अवैध प्लॉटिंग पर सख्त कार्रवाई की। बीडीए की प्रवर्तन टीम ने एक साथ तीन कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर सड़कें, बाउंड्रीवाल और प्लॉटिंग के निशान मिटा दिए।

इस कार्यवाई को लेकर बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए ने बताया है कि जांच में सामने आया था कि अंशु शर्मा ने करीब 3 हजार वर्गमीटर जमीन पर बिना स्वीकृति कॉलोनी काटनी शुरू कर दी थी। तौसीफ ने 5 हजार वर्गमीटर में सड़क और प्लॉटिंग का काम शुरू कर दिया। इसी के साथ नूर मोहम्मद ने भी साढ़े 3 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध तरीके से कॉलोनी विकसित करनी शुरू कर दी थी। तीनों ही जगहों पर कॉलोनी काटने का काम तेजी से चल रहा था, लेकिन प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया। यह ध्वस्तीकरण अभियान अवर अभियंता अजीत कुमार साहनी, सीताराम और सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह चौहान की देखरेख में किया गया। प्रवर्तन टीम ने जेसीबी लगाकर बाउंड्रीवाल तोड़ी और अवैध सड़कें भी उखाड़ दीं।

बीडीए ने साफ कहा है कि बिना नक्शा पास कराए किसी भी तरह की प्लॉटिंग या निर्माण पूरी तरह अवैध बीडीए ने बिना नक्शा पास कराए बन रहीं तीन बिल्डरों की अवैध कॉलोनियों को जमींदोज कियाहै। भविष्य में भी जहां-जहां अवैध कॉलोनियां काटी जा रही होंगी, वहां इसी तरह बुलडोजर चलेगा। साथ ही आम जनता से अपील की गई है कि भूखंड या मकान खरीदने से पहले यह जरूर जांच लें कि उसका नक्शा बीडीए से स्वीकृत है या नहीं।

# रामकृष्ण द्विवेदी हुए पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नति



विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय (कढर) एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर श्री प्रशांत राज की उपस्थिति में जनपद में नियुक्त निरीक्षक नागरिक पुलिस श्री राम कृष्ण द्विवेदी, कन्धृफर प्रभारी को निरीक्षक के पद से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर उनके कंधो पर उनके पद के अनुरूप स्टार लगाकर, उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गयी।

# नाबालिग बालिका को भगा ले गया मौहल्ले का युवक

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर।** कस्बे के एक मौहल्ले से एक युवक मौहल्ले की ही एक नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। लापता बालिका की मां की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की प्रेमी युगल का फिलहाल कोई सुराग नहीं लगा है। मोहल्ला शहीदगढ़ी निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में अवगत कराया है कि वह और उसके पति बुधवार सुबह लगभग ग्यारह बजे बाजार गये थे। उनकी पंद्रह वर्षीय बेटी घर में अकेली थी। तभी मौहल्ले में ही रहने वाला सद्दाम पुत्र शौकत उसकी बेटी को घर में अकेली पाकर घर में जा घुसा और बहला फुसलाकर उसकी बेटी को अपने साथ लिवा ले गया। पीड़िता ने पुलिस से अपनी बेटी को बरामद किए जाने की गुहार लगाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की।

# श्रीराम लीला महोत्सव को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के सन्दर्भ में डीएम ने ली बैठक दिए दिशानिर्देश

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह जी की अध्यक्षता में परंपरागत वार्षिक श्रीराम लीला कार्यक्रम के संबंध में बैठक हुई संपन्न। श्री रामलीला महोत्सव 2025 का अयोजन दिनांक 14-09-2025 से दिनांक 05-10-2025 तक किए जाएंगे। दिनांक 14 सितम्बर 2025 को मुकुट पूजन एवं श्री गणेश जी की सवारी निकाली जाएगी। मुकुट पूजन जन्मभूमि रंगमंच पर प्रातः 10 बजे प्रारम्भ होगा एवं गणेश जी की सवारी जन्मभूमि से मध्यान्ह 4 बजे प्रारम्भ होकर चौक बाजार, असकुण्डा, तिलकद्वार, भरतपुर दरवाजा, दरेसी रोड होती हुई जन्मभूमि पहुँचेगी।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने उक्त महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने हेतु सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक करले।

रामलीला मैदानों/ स्थलों एवं महत्वपूर्ण स्थानों का रूट चेक करे। बाढ़ के दृष्टिगत सभी क्षेत्रों में काफी गंदगी हो गई है, अपने अपने क्षेत्रों में सफाई कराए। मंदिरों तथा आस पास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सम्पूर्ण महोत्सव को प्लास्टिक मुक्त महोत्सव मनाए। जिलाधिकारी ने मनोरंजन कर अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी लटकी हुई केबल को ऊपर/व्यवस्थित कराए। विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करे, सभी ट्रांसफार्मर की मरम्मद कराए, खुले हुए विद्युत बॉक्स बंद कराए, विद्युत तारों को एकत्रित कराए एवं जर्जर खंभों को सही कराए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि महोत्सव क्षेत्र में एम्बुलेंस, मेडिकल टीम, कैंप आदि लगाए। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि आयोजन में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करे। नगर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि यात्रा में आगे-पीछे पुलिस एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती किए जाए। एसपी यातायात को निर्देश दिए कि यात्राओं से पूर्व ससमय रूट डाइवर्जन करे तथा उक्त का व्यापक प्रचार-प्रसार

# चोरी की रिपोर्ट न लिखने पर एसएसपी ने चौकी इंचार्ज को किया निलंबित

**बरेली।** जनसेवा केंद्र में हुई चोरी की शिकायत को नजरअंदाज करना एक चौकी प्रभारी को भारी पड़ गया। पीड़ित की बार-बार गुहार लगाने के बावजूद जब चौकी पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज नही की गई, तो मामला सीधे पुलिस कप्तान के दरबार में पहुँच गया। जिसके बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने जनसुनवाई में मिली शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए चौकी प्रभारी को निलंबित कर विभागीय जांच बैठा दी। दरअसल, भमौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में जनसेवा केंद्र संचालक ने तहरीर दी थी कि 7 सितंबर की रात उसकी दुकान का ताला तोड़कर चोर नकदी और सामान ले गए। चोरी में करीब 12 हजार रुपये नगद भी उड़ा लिए गए। पीड़ित का आरोप है कि उसने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी, लेकिन चौकी प्रभारी उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय टालमटोल शुरू कर दी।

# वन विभाग टीम द्वारा छापेमारी की कार्यवाही की गयी



विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** दिनांक 12 सितम्बर 2025 प्रतापगढ़। वन विभाग टीम द्वारा उच्चाधिकारियों के स्तर से गठित टीम/जांच समिति द्वारा रानीगंज रेंज, पट्टी रेंज व सण्डवा चन्द्रिका रेंज के अन्तर्गत विभिन्न स्थलों पर अवैध भण्डारण की जांच हेतु पूरे पाण्डेय दीवानगंज शुभम सिंह की प्रकाष्ठ डिपों, दरछुट (मंगरौरा) आशीष सिंह की प्रकाष्ठ डिपों, फेनहा आंशू सिंह की प्रकाष्ठ डिपो, पट्टी-ढकवा रोड शनी सिंह की प्रकाष्ठ डिपों एवं अमरगढ़ के उदई शाहपुर के डिपो पर छापा मार कर जांच किया गया मौके पर इन स्थलों पर छुट प्रजाति के चिलबिल, यूकेलिप्टस, सिरस, बबूल, अमलताश, कट सागौन के वोटे व जलौनी का भण्डारण पाया गया, पूरे पाण्डेय दीवानगंज में प्रकाष्ठ भण्डारण पर पुरानी सड़ी हुई आम की जलौनी पाये जाने पर विभागीय कार्यवाही की गई।

# डीआईजी नैथानी सड़कों पर उतरे यातायात व्यवस्था का किया निरीक्षण

जाकिर तुर्क वेलकम इंडिया



**मेरठ।** शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी शुक्रवार को अचानक सड़क पर उतर आए। एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्र के साथ डीआईजी ने पैदल गश्त कर प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई कमियां सामने आईं, जिस पर उन्होंने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने कहा कि यातायात सुधार सिर्फ पुलिस का नहीं, बल्कि नगर निगम और पीडब्ल्यूडी की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अब लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीआईजी नैथानी ने दिए ये निदेर्शः सड़कों पर लगे अवैध व गलत होर्डिंग्स तुरंत हटाए जाएं, डिवाइडरों पर उगी घास और पेड़ों की टहनियां काटी जाएं, फिटनेस और रजिस्ट्रेशन खत्म वाहनों पर सख्त कार्रवाई हो, डग्गामार वाहनों पर निगरानी रखकर कानूनी कार्रवाई की जाए, निर्माण सामग्री ढोने वाले ट्रक-ट्रैक्टर के चलने का समय तयहो, ओवरलोड भूसा व चारा लदे वाहन शहर की सीमा में न घुसें, मुख्य मार्गों पर पर्याप्त ट्रैफिक साइन और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, डीआईजी ने सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को भी आदेश दिया कि वे इसी तरह निरीक्षण करें और खुद यातायात व्यवस्था की समीक्षा करें। डीआईजी की सख्ती और अचानक सड़क पर उतरने की कार्रवाई से पुलिस महकमे में हलचल मच गई। वहीं, आम लोगों ने इस कदम का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि अब शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

# बरेली में दरोगा ने फरियादी की पहले पूछी जाति, बाल पकड़कर जड़े थप्पड़

- वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने थाने के इंस्पेक्टर क्राइम की रिपोर्ट के आधार पर दरोगा को किया सस्पेंड

वेलकम इंडिया/चरन सिंह





**बरेली।** सिरौली थाने में दरोगा की दबंगई और जातिगत भेदभाव का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक फरियादी जो बाइक चोरी की शिकायत लेकर सिरौली थाने पहुंचा था, जिसके बाद उस फरियादी की थाने के भीतर दरोगा द्वारा बाल पकड़कर जमकर पिटाई कर दी गई, वो भी सिर्फ इसलिए क्योंकि उसने अपनी जाति बता दी।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि फरियादी युवक शिशुपाल, जो संग्रामपुर गांव का रहने वाला है, सिरौली थाने में बाइक पर बैठा हुआ था। तभी पास खड़े एक व्यक्ति ने उसकी जाति पूछी। जाति बताने के कुछ ही सेकेंड बाद वहां वहां मौजूद दरोगा सत्येंद्र सिंह यादव जो फोन पर बात कर रहा था ने गुस्से में आते हुए पहले अपना फोन काटा और फिर शिशुपाल के बाल पकड़कर उसे बाइक से नीचे खींच लिया। इसके बाद दरोगा सत्येंद्र सिंह यादव ने उस पर बेरहमी से थप्पड़ों की बारिश कर दी। लेकिन युवक बार-बार यह कहता रहा कि वो अपनी बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने आया है। बाबजूद इसके थाने में उसकी न तो कोई सुनवाई हुई, और न ही किसी ने उसे बचाने की कोशिश की। इस वीडियो के वायरल होने के बाद लोग दरोगा की इस हरकत पर सवाल उठा रहे हैं कि जब शिकायतकर्ता को ही थाने में पीटा जाएगा, तो आम जनता फिर कहां जाएगी ?। कई सामाजिक संगठनों ने इस वीडियो को जातिगत भेदभाव और

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान की अगली सुनवाई 29 सितम्बर को होगी

**मथुरा।** श्री कृष्णा जन्म स्थान से ईदगाह मस्जिद को हटाने वाले केस में सुनवाई हुई, पिछली डेट पर माननीय न्यायालय में हुई सुनवाई के दौरान सूट नंबर 17 के मुखिया बनने पर पक्षकारों ने आपत्ति जताई थी और न्यायालय ने उन पक्षकार को अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया था। श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर मस्जिद केस के मुख्य याचिका कर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने कहा कि सभी लोग इन सभी केसों पर मुखिया बनना चाहते हैं। लेकिन हमारी तो भगवान के चरणों में यही प्रार्थना है कि हमारा जन्म भूमि मंदिर जल्द से जल्द अबैध विधर्मियों के कब्जे से आजाद हो जाए। शुक्रवार को हिंदू पक्षकारों में आपस में जमकर बहस हुई, ज्यादातर पक्षकार चाहते हैं कि सूट नम्बर 17 को अग्रणी नहीं बनाया जाय। न्यायालय ने सभी पक्षों को सुनने के बाद में अगली सुनवाई के लिए 29 सितंबर की डेट लगा दी है।

# विधानसभा, विधान परिषद और स्नातक चुनावों को लेकर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर हुई बैठक



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** शुक्रवार को दिल्ली रोड स्थित जिला कलेक्टर मुख्यालय पर विधानसभा विधान परिषद स्नातक चुनाव को लेकर एक समस्या बैठक हुई बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी ने हिस्सा लिया और अधिकारियों के समक्ष अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखें। उन्होंने कहा कि 2 किलोमीटर से दूर बनाए गए बूथों के स्थान पर नए बूथ बनाए जाए। नूरपुर, दयानतपुर, उदयपुर आदि ग्रामों में पोलिंग बूथ दूर होने से वोटर को वोट डालने में दिक्कत होती हैं। जिस कारण बहुत से वोटर वोट डालने नहीं आते हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने बाबूगढ़ में नए पोलिंग बूथ की मांग की हैं। उन्होंने कहा हैं कि वोटर के लिए हर 2 किलोमीटर पर पोलिंग बूथ होना चाहिए। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई फाइनल वोटर लिस्ट को ही सभी राजनीतिक दलों को सौंपी जाए।

उन्होंने कहा हैं कि अगले साल 2026 में टछउ चुनाव संपन्न होने जा रहे हैं। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को समय से फॉर्म मुहैय्या कराए जाएं। टछउ फॉर्म के लिए किन किन दस्तावेजों की जरूरत पड़ेगी, इसकी भी जानकारी सभी पार्टी जिलाध्यक्षों को दी जाए।

# हत्या के तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा, एक मुठभेड़ में हुआ घायल

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता





**बरेली।** शहर में हुई सनसनीखेज हत्या की वारदात का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। हत्या के तीन नामजद आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया, जिनमें एक आरोपी पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गया। 10 सितम्बर यानी बुधवार की रात गौरव गोस्वामी पुत्र छोटेलाल, निवासी विशारतगंज, बरेली, अपने भाइयों और दोस्तों के साथ साई किशोर होटल में खाना खाने गया था। लौटते समय सेटेलाइट चौराहे पर एक मामूली कहासुनी खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई। टेम्पो चालक अनस पुत्र लतीफ और उसके साथियों ने गौरव व उसके साथियों के साथ मारपीट और गाली-गलौज की। इस दौरान आरोपी बिहारी सोनकर द्वारा की गई फायरिंग में गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर थाना बारादरी में अनस सहित कुल 08 आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। शहर में हुई इस घटना की गंभीरता को देखते हुए सीओ नगर तृतीय और थाना प्रभारी बारादरी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और एसओजी समेत तीन पुलिस टीमों को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया। जिसके बाद 11-12 सितम्बर की रात पुलिस को एक बड़ी कामयाबी तब मिली जब मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों की घेराबंदी की। अभियुक्त शेखर पुत्र रामप्रकाश यादव, निवासी खुर्रम गौटिया, को 99 बीघा क्षेत्र में घेरने पर उसने पुलिस टीम पर जानलेवा फायर किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके बाएँ पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा गया। दूसरी टीम ने दो अन्य अभियुक्तों अनस पुत्र लतीफ और चंदन मौर्य पुत्र कल्याण मौर्य को सुरेश शर्मा नगर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से हथियार और मोटरसाइकिल बरामद की है, घायल आरोपी शेखर के पास से एक तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक काली रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

# अरविंद राघव बने श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के महानगर उपाध्यक्ष



**मथुरा/चौमुहां।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के मथुरा जिलाध्यक्ष ठाकुर कन्हैया सिंह राजावत ने सामलिया निवासी अरविंद राघव को संगठन का महानगर उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ठाकुर कन्हैया सिंह राजावत ने अरविंद राघव को पद की शपथ दिलाई और उन्हें संगठन के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहने का निर्देश दिया। इस मौके पर ठाकुर कन्हैया सिंह राजावत ने कहा कि संगठन लगातार नए सदस्यों को जोड़ रहा है और अपनी गतिविधियों का विस्तार कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अरविंद राघव की नियुक्ति से संगठन को नई गति मिलेगी और वे संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जगदीश राघव, ओमवीर सिंह, गिर्राज प्रधान, लवकेश सिसौदिया, हेमंत आदि ने उन्हें बधाई दी।

# डीएम की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में सी0एम0 डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले इंडिकेटर में रहने वाले विभाग व कार्यों से संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि कार्यों/योजनाओं में गुणात्मक प्रगति लाते हुए बेहतर परफॉर्मेंस बनाए रखें।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, दैनिक विद्युत आपूर्ति घंटे में ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार, उपभोक्ताओं के विद्युत बिल सुधार के प्रकरणों में पेंडेंसी जीरो करने, जनपद के विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन अथवा कनेक्शन शिफ्टिंग/पोल शिफ्टिंग आदि के प्रकरणों का स्थलीय निरीक्षण कर तत्काल निस्तारित कराने, जनपद में फैमिली आईडी बनाने की प्रगति, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लंबित आवेदनों को परीक्षणोंपरान्त निस्तारण करने, पाइप्ड पेयजल योजना से आच्छादित समस्त ग्राम पंचायतों में लाभार्थियों को शत प्रतिशत पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराते हुए डाटा की फीडिंग कराने सहित अन्य विकास विभागों द्वारा संचालित कार्यक्रमों/योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विकास कार्यों से संबंधित समस्त विभागों द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित होने वाले फ्लैगशिप प्रोजेक्ट्स पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से आंकड़ेवार जानकारी प्राप्त करते हुए दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रामानुज कनौजिया, जिला विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अजय श्रीवास्तव, उप कृषि निदेशक डॉ0 राकेश कुमार सिंह, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग आर के पांडेय, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार, जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह, सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## जर्जर तार बदलने के दौरान विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**संतकबीरनगर।** अधिशाषी अभियंता विद्युत राजेश कुमार ने सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 13 सितंबर 2025 को सुबह 10:00 से शाम 5:00 बजे तक आर डी एस एस योजना के अंतर्गत डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर में व्यापक सुधार हेतु जर्जर तार बदलकर एबीसी केवल एवं पोल लगाने का कार्य किया जाना है जिसके कारण टाऊन 01 फीडर से पोषित बैंक चौराहा बजरिया रोड 400 केवीए एल टी और निदुला 250 केवीए ट्रांसफार्मर और 400 केवीए डाक बंगला और मढ़या काली मंदिर 400 केवीए बंद रहेगा

उन्होंने बताया कि उक्त कार्य के दौरान गोलाबाजार, त्रिपाठी मार्केट, मढ़या क्षेत्र, कालीमंदिर और डाक बंगला(शास्त्री नगर) ट्रांसफार्मर और नेदुला बजरिया रोड की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# गुरुवंदन एवं शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी हुई आयोजित

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में गुरुवंदन एवं शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व समाज महासंघ के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार ने की।

मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि गुरु पूजनीय हैं। वे हमें सही और गलत का भेद सिखाते हैं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रेरणा देते हैं। मुख्य अतिथि सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने गुरु-शिष्य परंपरा को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताते हुए कहा कि गुरु शब्द का अर्थ है 'अंधेरे को दूर करने वाला'।

गुरु हमारे जीवन के प्रकाश स्तंभ हैं, जो अज्ञानता के अंधकार को हटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। वे हमें न केवल पढ़ाते हैं, बल्कि हमारी छिपी प्रतिभा को जगाकर बेहतर इंसान बनने का मार्ग दिखाते हैं।विशिष्ट अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री डॉ. विकास अग्रवाल ने कहा कि गुरुओं ने हमें किताबी ज्ञान के साथ-साथ जीवन के अनमोल पाठ सिखाए। उन्होंने हमें अनुशासन, जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों का पालन करना सिखाया।

कार्यक्रम में जिलें के अध्यापकों व अध्यापिकाओं अखिलेश शर्मा,डॉ.सुमन अग्रवाल,मोहम्मद अकील अख्तर, इस्माइल, सुमन लता, सुरेंद्र सिंह ,गरिमा, पूजा चतुर्वेदी रेनू रानी , निशा भीलवाड़ा, श्वेता श्रीवास्तव, प्रियंका चौधरी आदि को सम्मानित किया गया। मंच संचालन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष विजय कुमार त्यागी ने किया। जिला अध्यक्ष अशोक कश्यप ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर बीईओ मनोज गुप्ता, योगेश गुप्ता, समाजसेवी धर्मवीर त्यागी, आदर्श गोयल, मनवीर दिनेश सिंह रवि भूषण बृजेश सिंह मुकेश , हरेंद्र , नवीन त्यागीआदि मौजूद थे।

## राहुल गाँधी की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा बौखला गई है: नजीर



**संतकबीरनगर।** भाजपा सरकार नेता विपक्ष राहुल गाँधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गई है। बिहार में वोट अधिकार यात्रा हो या भारत जोड़ो यात्रा भाजपा में इतनी घबराहट है कि वाराणसी जाने से पहले ही प्रदेश अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष को अरेस्ट कर लिया गया। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद नजीर ने प्रेस विज्ञप्ति में कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से जनता परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संवैधानिक पदों और संस्थाओं का दुरूपयोग कर सत्ता में बने रहने के लिए हर संभव प्रयास करती है चाहे उसे किसी भी हद तक जाना पड़े। अपने कार्यकाल में तमाम मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायको को जेल में डालने का काम किया है। बात न मानने पर जेल में डाल दिया। कई सरकारों को गिराया। जिसका खुलकर अगर कोई विरोध किया है तो वह राहुल गाँधी ही हैं। रायबरेली में जननायक राहुल गाँधी को रोकना भाजपा की बौखलाहट का सबूत है। वोट चोरी सामने आने के बाद भाजपा ध्यान भटकाना चाहती है लेकिन देश व प्रदेश की जनता सब समझती है।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक



**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी सेमरियावा मण्डल की बैठक मंडल अध्यक्ष कन्हैया लाल यादव की अध्यक्षता में ब्लाक सभागार में हुई। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री अनिल पाण्डेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचायें। बूथ कमेटी को सक्रिय करें। पंचायत चुनाव में पार्टी मजबूती से लड़ेगी। 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री का जन्मदिन के अवसर पर अम्बेडकर पार्क पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी कार्यकर्त्ता मौजूद रहेंगे। उसी दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा उसमें पहुंचकर शामिल हों। उन्होंने कहा कि आप सरल एप और नमो एप का प्रयोग करें। पूर्व मण्डल अध्यक्ष राम पुरुषोत्तम गुप्ता ने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पंचायत चुनाव को लेकर लग जाए। सरकार की योजनाओं का लाभ सभी लोगों को मिले इसको लेकर क्षेत्र में लग जायें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कन्हैया लाल यादव, पूर्व मंडल अध्यक्षराम पुरूषोत्तम गुप्ता, मंडल महामंत्री शैलेन्द्र सिंह, चन्द्र राम, राजकपूर, सतिराम चौधरी, गंगा प्रसाद यादव, दिनेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पतिराम मौर्या, सोमनाथ गौड़, एजाज अहमद, अफजल हुसैन, जुबेर अहमद शाह, रिजवान अहमद, जियाउल हक, लालमन लोधी, सुरेंद्र यादव, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

## हीरामन बब्बा मंदिर :- दूर-दूर से आते हैं लोग, इच्छाएं होती हैं पूरी



**झाँसी।** जनपद के ग्राम ढिमरोनी में हीरामन बब्बा सरकार के नाम से एक मंदिर लोकप्रिय धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यता को दशार्ता है इस मंदिर पर ₹भगत जी₹ के पास जाने से लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती नजर आ रही हैं। इस मंदिर रोहित भगत जी द्वारा दरबार में लोगो की समस्या व इच्छापूर्ति सुनकर उनका समाधान के उपाय बताए जाते है भगत जी₹ अपने आध्यात्मिक गुरु या देवता से है जिनकी भक्ति में लीन होकर लोग दूर-दूर से आते हैं और उनकी इच्छाएं पूरी होती हैं। यह विश्वास भक्तों की आस्था और ईश्वर या गुरु में उनके अटूट विश्वास का प्रतीक है। इस मंदिर पर मेला हर माह की चौथ व अमावस्या की रात्रि को लगता है. मेले में दूर दूर से लोग आकर हीरामन बब्बा के दर्शन कर भगत को अपनी समस्या सुनाते है. भगत जी हर भगतो की समस्या को सुन उनका निवारण के उपाय बताते है. भगतो की समस्या का समाधान होने के बाद मंदिर पर पेशी के अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान करते है. भगतजनो का कहना जब से इस मंदिर पर उन्होंने पेशी शुरू की तब से उन्हें व उनके पूरे परिवार के कष्टों को भगत जी हर रहे है. पिछले तीन वर्षो से भगत जी द्वारा दरबार लगाकर निस्वार्थ भाव से लोगो की सेवा कर रहे है. इस मंदिर सेवदार में पुजारी अमित, सुभाष, नानू, मोहित,राजू, नरेश आदि लोग है।

# कार की टक्कर बाइक सवार वृद्ध व्यक्ति घायल, गंभीर हालत मे रेफर

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड पर खंद्रावली बस स्टैंड पर सड़क पार करने की इंतजार में खड़े बाइक सवार को अज्ञात कार चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कार की टक्कर से घायल हुए व्यक्ति के परिजनों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है।

चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया पुलिस कार चालक की तलाश में जुटी हुई है। कस्बे की जाट कॉलोनी निवासी नईम ने बताया कि जनपद बागपत के गांव टिकरी निवासी उसका 55 वर्षीय मौसा इकबाल अपनी बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में थाना क्षेत्र के गांव मल्हीपुर जा रहा था। जैसे ही उसका मौसा खंद्रावली बस स्टैंड के समीप सड़क पार करने के इंतजार में खड़ा हुआ था।

आरोप है गलत दिशा से आए एक कार चालक ने बाइक पर सवार पीड़ित के मौसा को टक्कर मार दी और अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गया,घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## ज्वेलर्स व्यापारी के साथ हुई मारपीट में मुकदमा दर्ज

**कांधला।** कस्बे के बाजार में ज्वेलर्स व्यापारी के साथ की गई मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर एक नामजद वह एक अज्ञात महिला के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है। कस्बा निवासी ज्वेलर्स व्यापारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि उसने बाजार में सिद्धार्थ ज्वेलर्स के नाम से दुकान कर रखी है। पीड़ित का आरोप है कि विगत गुरुवार को उसकी दुकान पर कैराना कोतवाली क्षेत्र के ऊंचा गांव निवासी रोहित एक अज्ञात महिला के साथ पीड़ित की दुकान पर आया और आते ही गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शौर शराब आने पर पड़ोसी व्यापारी मौके पर आ गए आरोपी जाते-जाते पीड़ित को जान से मारने की धमकी और उसकी दुकान को आग के हवाले करने के साथ ही उसके बच्चों को अनाथ करने की धमकी देते हुए फरार हो गया था।

## टैक्स जमा कराने के वायरल वीडियो पर पालिका अध्यक्ष ने बैठाई जांच

वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** नगर पालिका परिषद में नवजात का नाम दर्ज करवाने पहुंचे एक व्यक्ति पर नगर पालिका के तीन कर्मचारियों ने पहले टैक्स जमा करो फिर नाम दर्ज करने की बात कही। पीड़ित ने मामले की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। मामले को पालिका अध्यक्ष ने गंभीरता से लेते हुए तीनों कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। और अपना स्पष्टीकरण सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया है।

कस्बा निवासी तैय्यब पुत्र अब्दुल सलाम कई दिन पूर्व नगर पालिका परिषद में नवजात का नाम दर्ज करवाने के लिए पहुंचा था। पीड़ित का आरोप है कि नगर पालिका के कर्मचारी सुनील, शकीर व शोएब ने पीड़ित को पहले टैक्स जमा करने की बात कही उसके बाद नवजात का नाम दर्ज करने की बात कहते हुए टालमटोल करने लगे। पीड़ित ने मौके पर हंगामा कर दिया और मामले की वीडियो बना ली जिसे पीड़ित ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीनों कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। पालिका के मुख्य लिपिक अशोक कुमार का कहना है कि पालिका में नवजात का नाम दर्ज करवाने आए व्यक्ति के द्वारा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था।? उक्त मामला बहुत ही गंभीर है। तीनों कर्मचारियों को टैक्स की बात नहीं करनी चाहिए थी। नवजात का नाम दर्ज करना चाहिए था। तीनों कर्मचारियों को पालिका अध्यक्ष के द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी कर जांच टीम गठित कर जांच बैठाई गई है।

## महाविद्यालय में आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को दी विस्तृत जानकारी



वेलकम इंडिया

**गरुड़।** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरूड़ में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बीए प्रथम सेमेस्टर के 210 एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के 50 विद्यार्थियों ने दीक्षारंभ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

प्रभारी प्राचार्य डा. शिवप्रकाश राय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में अनुशासन, लगनशीलता, एकाग्रता एवं स्वाध्याय आवश्यक लक्षण है। महाविद्यालय में पाठ्यक्रम के साथ-साथ एनएसएस,रोवर-रेंजर्स, रेडक्रास सोसायटी, क्रीड़ा , कैरियर काउंसलिंग, देवभूमि उद्यमिता योजना, प्रोजेक्ट गौरव जैसे बहुत कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिनका नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक डा. अवधेश तिवारी ने नवाचार एवं नयी शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान शेर राम टम्टा, डा. रेखा कुमारी, उर्वशी टम्टा, डा.श्वेता पंत, डा. प्रियंका यादव, डा. दिवाकर टम्टा मौजूद थे। संचालन डा.अवधेश तिवारी एवं अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डा. शिवप्रकाश राय ने की।

## घरेलू काम कर रही महिला को सांप ने काटा

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी एक महिला को कई दिन पूर्व घर में काम करते समय सांप ने काट लिया था पीड़ित परिजनों के द्वारा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने मेरठ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। शुक्रवार को महिला ठीक होकर अपने घर पहुंची परिजनों में खुशी की लहर है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी महिला शकीला पत्नी वकील को कई दिन पूर्व घरेलू कार्य करते समय सांप ने डस लिया था। सांप काटने के बाद गायब हो गया था महिला के द्वारा पीड़ा होने पर परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों का कहना है कि सांप के डसने के बाद उन्होंने झाड़ फूंक का भी सहारा लिया था मगर कोई भी महिला को आराम नहीं हुआ। सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने महिला को प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया।

# वीडियो रील पर कमेंट बाजी पर, दो गुटों में मारपीट आठ का चालान



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)।** कस्बे के बाईपास मार्ग पर सोशल मीडिया पर वीडियो रील पर कमेंट बाजी करने को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो बनाने वाले दो गुटों के बीच मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झगड़ा कर रहे आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया। नगर एवं क्षेत्र के युवा इन दिनों सोशल मीडिया पर रील बनाने के चक्कर में एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हुए हैं। कस्बे के सैकड़ो युवा सोशल मीडिया पर रुल बनाकर सुर्खियां बटोर रहे हैं और उनकी रील तेजी के साथ वायरल हो रही हैं। शुक्रवार को कस्बे के बाईपास मार्ग पर सोशल मीडिया पर वीडियो बनाने वाले दो युवकों के गुटों के बीच मारपीट हो गई। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि दोनों गुटों के बीच एक दूसरे की वीडियो पर कमेंट बाजी करने को लेकर मारपीट हुई। दोनों गुटों के बीच हुई मारपीट की सूचना किसी व्यक्ति ने पुलिस को दे दी सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई और झगड़ा कर रहे दोनों गुटों के आठ युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने एक पक्ष के सोहेल, उस्मान, नवीन, नावेद एवं मुबारिक, और दूसरे पक्ष के शादाब, अजरम एवं अरमान के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए शांति भंग की धारा में चालान कर दिया।

## पिता ने लगाया कलयुगी पुत्र पर मारपीट का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी एक कलयुगी पुत्र ने अपने पिता के साथ मारपीट करते हुए घर से धक्के देकर बाहर निकाल दिया पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी शमशाद ने बताया कि उसका पुत्र वसीम पीड़ित के साथ आए दिन जमीन बंटवारे को लेकर मारपीट करता रहता है। पीड़ित का आरोप है कि शुक्रवार को वह घर पर बैठा हुआ था तभी उसका पुत्र आया और आते ही मकान से हिस्सा मांगने लगा जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट करते हुए धक्के देखकर घर से निकाल दिया शोर शराब होने पर पड़ोसी भी मौके पर आ गए पीड़ित व्यक्ति ने आरोपी पुत्र के विरुद्ध थाने पर पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## चलती पिकअप गाड़ी से कुदी बच्ची, वीडियो सीसीटीवी में कैद

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी एक व्यक्ति की नो वर्षीय पुत्री चलती हुई पिकअप गाड़ी से कूद गई। किशोरी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई पीड़ित पिता ने बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी सलीम ने बताया कि विगत गुरुवार को उसकी 9 वर्षिय पुत्री सोफिया उसके घर के बाहर खड़ी पिकअप गाड़ी में चढ़कर खेल रही थी।

पीड़ित का आरोप है कि तभी गाड़ी चालक अपनी गाड़ी को लेकर चल दिया उसकी पुत्री घबरा गई और चिल्लाने लगी गाड़ी चालक ने गाड़ी नहीं रोकी। आरोप है कि घबराकर उसकी बच्ची पिकअप गाड़ी से कूद गई और सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई ।उसकी पुत्री के कई दांत टूट गए और गंभीर चोट आई। आरोपी गाड़ी चालक ने अपनी गाड़ी और तेज कर दी जिसका वीडियो एक मकान के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। शुक्रवार को पीड़ित पिता ने घायल बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# आगामी महर्षि वाल्मीकि की जयंती के संबंध में विचार गोष्ठी का किया आयोजन

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** धीरेन्द्र कुमार वाल्मीकि सदस्य प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पी0एम0 अजय) केन्द्रीय सलाहकार समिति भारत सरकार द्वारा जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड खलीलाबाद सभागार में महर्षि वाल्मीकि की आगामी जयंती के संबंध में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीरेन्द्र कुमार वाल्मीकि द्वारा आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सदस्य, राज्य स्तरीय निगरानी समिति संजय कुमार गौतम उपस्थित रहे।

श्री धीरेन्द्र कुमार वाल्मीकि सदस्य प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पी0एम0 अजय) केन्द्रीय सलाहकार समिति भारत सरकार ने अपने संबोधन में मा0 प्रधानमंत्री जी की सरलता, सर्व समभाव व दूरदर्शिता के साथ-साथ समाज के गरीब, कमजोर व उपेक्षित वर्ग के प्रति उनकी सहृदयता की सराहना करते हुए कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी पवित्र की सोच ₹स्वच्छ भारत मिशन₹ कि सफलता का श्रेय हमारे सफाई सैनिकों के साथ-साथ उन सभी को जाता है जो ? जनपद को साफ सुथरा रखने में निरंतर मेहनत के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई नायकों के हित से संबंधित सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त कल्याणकारी योजनाओं का अनिवार्य रूप से उन्हें लाभ दिलाया जाए। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी खलीलाबाद आनंद गुप्ता, अधिशाषी अभियंता विद्युत राजेश कुमार, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज, कार्यक्रम संचालक/जिला समन्वयक पंचायती राज विभाग प्रदीप कुमार त्रिपाठी सहित विकासखंड के अधिकारी/कर्मचारी व भारी संख्या में सफाई सैनिक आदि उपस्थित रहे।

# ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अजीत सिंह ने किया 35 यू पी वाहिनी एनसीसी का निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** राज चोपला स्थित 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर में गाज़ियाबाद ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अजीत सिंह ने निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए ।इस मौके पर उन्होंने कैडेट्स को अनुशासन का पाठ पढ़ाया तथा सभी को अपना लक्ष्य निर्धारण कर लक्ष्य प्राप्ति हेतु सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित किया ।साथ साथ यह भी बताया कि सभी को अपने जीवन में व्यक्तिगत हितों की तुलना में राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए राष्ट्रीय विकास में अवश्य योगदान देना चाहिए।अंत मे सभी को संबोधित करते हुए उन्होंने एन सी सी के मोटो एकता और अनुशासन का पालन करते हुए चरित्र निर्माण पर बल देने तथा अपने माता पिता और गुरुओं का सम्मान कर ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्धारण करने की बात कही। ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अजीत सिंह




शुक्रवार 12 सितंबर को एन सी सी की 35 यू पी वाहिनी मोदीनगर के मुख्यालय पहुँचे जहाँ पर वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह ने ग्रुप कमांडर की आगवानी की तथा एन सी सी कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका स्वागत किया ।वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह ने उनका परिचय, पी आइ स्टाफ, एन सी सी अधिकारियों और सिविल स्टाफ से कराया ।ग्रुप कमान्डर ने वाहिनी का निरीक्षण किया और वाहिनी के प्रबंधन और कार्यशैली के प्रति संतोष प्रकट करते हुए प्रशासनिक व्यवस्था की भूरी भूरी प्रशंसा की।निरीक्षण के उपरांत कैडेट्स को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एन सी सी में रह कर जो अनुशासन हम सीखते हैं उसे हमें अपने जीवन में उतारकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए ।इस मौके पर वाहिनी के प्रशासनिक अधिकारी ले० कर्नल आर पी दहिया,सुबेदार मेजर परमानंद,कैप्टन रजनीश ज़िंदल,ले० मुकेश कुमार, ले० अमित शर्मा ,ले० राजीव जांगिड़, ले० नागेंद्र कुमार, एनसीसी अधिकारी प्रवीण कुमार जैनर,ऑफि सर रितेश राय, ऑफिसर सुखविंदर सिंह तेवतिया,ऑफि सर मनोज कुमार, ऑफि सर अनुराग, देवराज ,सुबेदार सूर्यमान घाले, सुबेदार दोज थापा, हवलदार संजीत, हवलदार देवेंद्र बिष्ट,हवलदार विसंबर, हवलदार पवन कुमार, हवलदार भूप राम, कुलदीप दलाल, विपिन शर्मा, राजिंदर सिंह, विनय कुमार, मनोज कुमार, चंद्रवीर आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. अरुण त्यागी को सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य पुरुस्कार सम्मान

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** लॉयंस क्लब मोदीनगर सैंटरल द्वारा छाया पब्लिक स्कूल जो की शिक्षा ,खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान रखता है जिसके पांच से अधिक खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं ।कौन बनेगा करोड़पति में जूनियर विजेता रहे हैं विंग कमांडर अभिषेक तोमर आईपीएस पुखराज कमल व ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका अदा करने वाले आदित्य त्यागी जज शेफाली चंद्रवंशी,जैसी विलक्षण प्रतिभा से परिपूर्ण विद्यालय जिसे हाल ही में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का विशेष आशीर्वाद भी मिला है उस विद्यालय के निदेशक प्रधानाचार्य डॉ अरुण त्यागी को सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य के पुरस्कार से



सम्मानित किया मंच का संचालन संजीव चौधरी ने किया और डॉ अरुण त्यागी की उपलब्धियां से सभी को अवगत कराया इस अवसर पर लायंस क्लब के एम ओ सी डॉ विनय मित्तल अध्यक्ष राजेश अरोड़ा सचिव डॉ.जीएस सचदेवा कोषाध्यक्ष देवी शरण गर्ग वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ मनीष गर्ग, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ साहिल गर्ग,उद्योगपति अंकुर सक्सेना सतीश अग्रवाल आदि गणमान्य लोगों की गरिमा में उपस्थिति रही।

# लायंस क्लब ने कार्यशाला का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** लायंस क्लब मोदीनगर राईजिंग स्टार द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे डा.हिंमाशी शर्मा ने छोटे छोटे बच्चो को दांतों की सुरक्षा व नियमित ब्रश करने व साफ सफाई रखने की बाते बतलायी। डा. हिंमाशी ने छोटे छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों को गुडटच व बैडचट के बारे मे भी बताया। लांयस क्लब की अध्यक्ष लायन वर्षा गुप्ता ने बताया कि छोटे बच्चो की मासूमियत को कोई अविक्षिप्त मानसिकता के लोग नुकसान ना पहुचाये इसी बात को समझाने के उद्देश्य से ये कार्यशाला रखी गयी है। लायन पूजा शर्मा द्वारा छोटे बच्चों को ब्रश व टूथपेस्ट भी बाँटे गये। सचिव एकता अग्रवाल व कोषाध्यक्ष कल्पना गुप्ता ने विद्यालय की निर्देशक शिवकुमारी त्यागी, सीमा त्यागी व प्रधानाचार्य अक्षत कुमर का सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में इंटर स्कूल सुरेविन वॉलीबॉल कप 2025 का दो दिवसीय आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में दो दिवसीय इंटर स्कूल₹सुरेविन वॉलीबॉल कप ₹ का भव्य शुभारंभ हुआ ।इस टूनार्मेंट में विभिन्न जिलों की 57 टीमों के अंडर -14 और अंडर -17 आयु वर्ग की बालक -बालिका टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया।इस प्रतियोगिता में विभिन्न नामी विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया जिनमें सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल, एम.एच. पब्लिक स्कूल बदालपुर, दीवान पब्लिक स्कूल हापुड़, एस.वाई. एकेडमी, मॉडर्न नेशनल स्कूल, ब्रह्मानंद पब्लिक स्कूल, मेरठ सिटी पब्लिक स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल राजेंद्र नगर, अवार्चीन इंटरनेशनल स्कूल पिलखुआ, ओंकार पब्लिक स्कूल, आईआईएमटी मेरठ, सीएसएचपी गाजियाबाद, नारायणा स्कूल गाजियाबाद, सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल, श्रीराम पब्लिक स्कूल, मदर इंडिया



पब्लिक स्कूल, बाबा इंटरनेशनल गाजियाबाद, सीएसएचपी मुरादनगर, वर्धमान एकेडमी मेरठ तथा एकलव्य पब्लिक स्कूल मुरादनगर पूर्णज्ञानांजलि इंटरनेशनल स्कूल मुरादनगर , बीपीएम स्कूल खिंदौडा महाराजा सूरजमल पब्लिक स्कूल , व बालवाडी पब्लिक स्कूल मोदीनगर शामिल रहे। इस प्रतियोगिता में एम एच पब्लिक स्कूल बादलपुर टीम के आयु वर्ग 14 व आयु वर्ग 17 बालकों की टीम तथा आयुवर्ग 14 व आयु वर्ग 17 बालिकाओं की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल आयु वर्ग 14 व आयु वर्ग -17 बालिका टीम, महाराजा सूरजमल पब्लिक स्कूल आयु वर्ग -17 बालक टीम, सीपीएस मोहद्दीनपुर आयु वर्ग -17 बालिका टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बाबा इंटरनेशनल स्कूल आयु वर्ग-14 बालक टीम, आईआईएमटी स्कूल मेरठ आयु वर्ग- 17 बालक टीम, सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल आयु वर्ग-17 बालिका टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में न केवल खेल भावना का विकास करती हैं बल्कि टीम वर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास को भी मजबूत बनाती हैं ।प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह और ऊर्जा देखने योग्य रहा। सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल ने बेहतर व्यवस्था और खेलों के अनुकूल माहौल उपलब्ध कराकर खेल को और भी प्रेरणादायक बनाया।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक तुषार गुप्ता व डॉक्टर शिखा दरबारी ने समापन समारोह में सभी उपस्थित स्कूलों के खिलाड़ियों, कोचो, रेफरी और सुरेविन स्पोर्ट्स प्रबंधन कमेटी को इस सफल आयोजन की बधाई देते हुए इस तरह की प्रतियोगिताओं को निरंतर जारी रखने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

# एक माह में जांच पूर्ण हो अन्यथा मुख्यमंत्री सहित संबंधित मंत्रियों का फूंका जाएगा पुतला



वेलकम इंडिया

**झांसी ।** बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय के नेतृत्व में मण्डल आयुक्त को शिकायती पत्र सौंपा। पत्र सौंपते हुए कहा गया कि हाल ही में विधानसभा के सभापति ने सर्किट हाऊस, झाँसी की अवैध माइनिंग की बात उठाई थी परंतु अवैध माइनिंग में संलिप्त दोनों विभागों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई साथ ही मण्डल में चल रहे बालू, मुरम व गिट्टी की अवैध खनन के विरुद्ध संबंधित विभाग मौन धारण किए हुए है।

झाँसी मण्डल में हर घर जल योजना में लगायी गयी टोटियों की संख्या एवं वे कहाँ से खरीदी गयी हैं, का पूर्ण विवरण लेते हुए टोटियों की सख्त जांच यथाशीघ्र कराई जाए, क्योंकि अधिकारियों का यह कहना कि लोगों ने टोटी चुरा ली है।यह बुन्देलखण्डियों का अपमान है, इसे वर्दाश्त नहीं किया जाएगा। झाँसी स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किये गये समस्त कार्यो का भौतिक सत्यापन कराते हुए उसकी सख्त जाँच कराई क्योंकि महापौर ने स्वयं तीन सौ करोड़ के भ्रष्ट्राचार की बात कही है परंतु झाँसी स्मार्ट सिटी लि0 द्वारा किये जा रहे धन व्यय की कोई जांच नहीं की गई। झाँसी नगर निगम द्वारा बने हुये पाथवे/डिवाइडर/सड़क जो ठीक हालत में थे, उन्हें हटाकर दोबारा निर्माण क्यों कराया जा रहा है और उसमें कितनी धनराशि व्यय हो रही है, इसकी गहराई से टीम गठित कर जाँच कराई जाए। इस जांच टीम में नगर निगम के अधिकारियों को शामिल न किया जाए क्योंकि इससे जांच की निष्पक्षता संभव नहीं होगी। झाँसी मण्डल में वन विभाग द्वारा वर्ष 2023, 2024 एवं 2025 में गलत आंकड़े दिखाकर वृक्षारोपण दशार्या गया है।वृक्षारोपण में भारी अनियमतताएं हुई हैं, इसकी सख्त जाँच कराई जाए।यह भी ध्यान आकर्षण करना है कि लगातार जिलाधिकारी द्वारा बैठकों में वृक्षारोपण की जिओ टैगिंग को लेकर सवाल उठाए जाते रहे हैं।

# राष्ट्रीय लोकदल ने विजयनगर में चलाया सदस्यता अभियान

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** विजयनगर में राष्ट्रीय लोकदल गाजियाबाद के एससी एसटी के जिला अध्यक्ष नरेंद्र जाटव द्वारा जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान चलाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार और एससी एसटी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी रहे।कार्यक्रम का संचालन विनोद गौतम ने किया। कार्यक्रम में सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी व जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने कहा की ।दलित समाज के साथ ही हर वर्ग राष्ट्रीय लोकदल से जुड़ रहा है।क्योंकि राष्ट्रीय लोक दल ही गरीब मजदूर मजलूम की आवाज उठाता है।प्रबुद्ध कुमार और नरेंद्र खजूरी ने कहा के राष्ट्रीय लोक दल को एक मंत्रालय




मिला वही चौधरी साहब ने हमारे समाज के अनिल कुमार को कैबिनेट मंत्री बनाकर यह बता दिया कि रालोद ही सर्व समाज की पार्टी है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार' आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी' प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी' प्रदेश सचिव ऑडी त्यागी' योगेंद्र पतला' युवा के जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह' प्रोफेशनल मंच का क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण दहिया' महिला जिला अध्यक्ष सुमन चौधरी' सतीश राठी' विनोद जाटव' एससी-एसटी के अध्यक्ष नरेंद्र जाटव' विनोद चौधरी योगेश फफराना' अमित आर के' आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे इस अवसर पर कई दर्जन लोगों ने राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता ग्रहण की।

# बहला फुसलाकर नाबालिगों से ठगी करने वाले तीन आरोपी गिरफ़्तार

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** किशोरियों को बहलाफुसला लाखों के जेवरात ठगे जाने के मामले में पुलिस ने अलग अलग मामले दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ़्तार कर लुटे गए जेवरात व एक लाख से अधिक की नकदी बरामद की है ।एसीपी अमित सक्सेना ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गत तीन सितंबर को एक व्यक्ति ने तहरीर देते हुए बताया कि एक युवक ने उसकी 16 वर्षीय भांजी को बहला फुसलाकर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे ब्लैकमेल कर घर से सोना जेवरात आदि मंगा लिए। एसीपी ने बताया कि ऐसी ही एक अन्य शिकायत 9 सितंबर को भी मिली।पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर 12 सितंबर को उक्त दोनों घटनाओं




में संलिप्त 03 आरोपियों अंश शर्मा (21 वर्ष) राजनगर, गाजियाबाद, नमन (19 वर्ष) ब्रहमपुरी थाना मोदीनगर और अक्षित कुमार (20 वर्ष) निवासी दुगार्पुरी तिबडा रोड मोदीनगर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से एक जोडी कान के कुंडल, एक सफेद धातु का छल्ला व उक्त चोरी करवाये गये सामान को बेचकर प्राप्त किये गये एक लाख 9 हजार 500 रुपये नगद बरामद किये हैं।

# हीरामन बब्बा मंदिर :- दूर-दूर से आते हैं लोग, इच्छाएं होती हैं पूरी

वेलकम इंडिया

**झाँसी।** जनपद के ग्राम ढिमरोनी में हीरामन बब्बा सरकार के नाम से एक मंदिर लोकप्रिय धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यता को दशार्ता है इस मंदिर पर ₹भगत जी₹ के पास जाने से लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती नजर आ रही हैं।इस मंदिर रोहित भगत जी द्वारा दरबार में लोगो की समस्या व इच्छापूर्ति सुनकर उनका समाधान के उपाय बताए जाते है भगत जी₹ अपने आध्यात्मिक गुरु या देवता से है जिनकी भक्ति में लीन होकर लोग दूर-दूर से आते हैं और उनकी इच्छाएं पूरी होती हैं। यह विश्वास भक्तों की आस्था और ईश्वर या गुरु में उनके अटूट विश्वास का प्रतीक है। इस मंदिर पर मेला हर माह की चौथ व अमावस्या की रात्रि को लगता है. मेले में दूर दूर से लोग आकर हीरामन बब्बा के दर्शन कर भगत को अपनी समस्या सुनाते है. भगत जी हर भगतो की समस्या को सुन उनका निवारण के उपाय बताते है।

# रक्षा मंत्रालय के बंगलों में निगम पार्षद व कबाड़ी बैगर एनओसी लिए कर रहे अवैध निर्माण, भेजी रिपोर्ट

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

रक्षा मंत्रालय के बंगलों में बैगर एन ओ सी लिए अवैध कबाड़ के गोदामों छोटी छोटी फैक्ट्रियां अवैध निर्माण इमारतो में चल रही है और यह सिलसिला आज भी जारी है रक्षा मंत्रालय के बंगलों की पार्ट भूमि पर अवैध कब्जे की सूचना पर स्टेट ऑफिसर विनीत कुमार द्वारा सीलिंग की कार्रवाई की गई लेकिन इससे बेखौफ भू माफिया व बहारी लोगों के अलावा नगर निगम पार्षद द्वारा रक्षा मंत्रालय की भूमि पर लगातार अवैध निर्माण किए जा रहे हैं ताजा जानकारी



के अनुसार कैंट बोर्ड सुपर वाइजर ने बंगला नंबर 198 की पार्ट भूमि पर नगर निगम पार्षद द्वारा की रिपोर्ट के साथ साथ बंगला नंबर 240 में अवैध निर्माण की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई है।भूसा मंडी स्थित 240 बंगलें में गंगा जमुना ट्रेडर्स द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है हाजी शहजाद इस कम्पनी के मालिक है तथा इनके द्वारा बंगला नंबर 199 जो भारत सरकार रक्षा मंत्रालय की संपत्ति है जिसकी पार्ट भूमि पर गैर कानूनी रूप से अवैध कब्जा कर दो बड़े गोदाम बनाए गए हैं। पिछले दिनों इन गोदामो में रखे कबाड़ में एक बड़ा धमाका हुआ था तथा कुछ समय पूर्व संग्धित गतिविधियों के चलते सदर पुलिस टीम ने एमपीएस स्कूल के सामने एक काली गाडी को पकड़ा था जिसमें उक्त गोदाम के मालिक भी सवार थे। अवैध निमार्णों पर कार्रवाई को लेकर कैंट बोर्ड प्रशासन बड़ी कार्रवाई की तैयारी में जुटा है तथा पुलिस फोर्स की मांग के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्त भेजा गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्राप्त ग्रेडिंग/रैंकिंग के आधार पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में सी0एम0 डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले इंडिकेटर में रहने वाले विभाग व कार्यों से संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि कार्यों/योजनाओं में गुणात्मक प्रगति लाते हुए बेहतर परफॉर्मेंस




बनाए रखें। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, दैनिक विद्युत आपूर्ति घंटे में ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार, उपभोक्ताओं के विद्युत बिल सुधार के प्रकरणों में पेंडेंसी जीरो करने, जनपद के विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन अथवा कनेक्शन शिफ्टिंग/पोल शिफ्टिंग आदि के प्रकरणों का स्थलीय निरीक्षण कर तत्काल निस्तारित कराने, जनपद में फैमिली आईडी बनाने की प्रगति, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लंबित आवेदनों को परीक्षणोंपरान्त निस्तारण करने, पाइप्ड पेयजल योजना से आच्छादित समस्त ग्राम पंचायतों में लाभार्थियों को शत प्रतिशत पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराते हुए डाटा की फीडिंग कराने सहित अन्य विकास विभागों द्वारा संचालित कार्यक्रमों/योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विकास कार्यों से संबंधित समस्त विभागों द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित होने वाले फ्लैगशिप प्रोजेक्ट्स पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से आंकड़ेवार जानकारी प्राप्त करते हुए दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारीगणों को निर्देशित किया कि उनके विभाग से संबंधित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर विशेष ध्यान दें, जिससे सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे।

# 50 साल पुरानी सीवर समस्या का स्थाई समाधान

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि नागरिकों की दशकों पुरानी समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए वह पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। सिटी जोन के चार वार्डों वार्ड संख्या 39, 52, 22 और 88 की लगभग 50 साल पुरानी सीवर समस्या का स्थाई समाधान निकालते हुए 166 मीटर लंबी नई सीवर लाइन डालने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस ऐतिहासिक पहल की शुरूआत वार्ड संख्या 39 के पार्षद उदित मोहन और वार्ड संख्या 52 के पार्षद अभिषेक चौधरी ने क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति में कराई। सीवर लाइन के इस कार्य की शुरूआत पर क्षेत्रीय निवासियों ने गाजियाबाद नगर निगम की महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का विशेष धन्यवाद प्रकट किया। लोगों ने कहा कि दशकों से चली आ रही जटिल समस्या का स्थाई समाधान अब जाकर संभव हो सका है। इस दिशा में नगर निगम का यह कदम सराहनीय और ऐतिहासिक है। वार्डों के पार्षदों ने बताया कि इस क्षेत्र में सीवर लाइन बेहद जर्जर हालत में थी। बरसात के दिनों में मैनहोल ओवरफ्लो की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती थी। जलभराव और गंदगी से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता था।

**सिटी जोन में 166 मीटर नई सीवर लाइन डालने का कार्य प्रारंभ**




लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पार्षदों ने मिलकर वी ए टेक वेबग लिमिटेड की टीम और नगर निगम अधिकारियों से बैठकें कीं और समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए। पार्षद उदित मोहन ने कहा कि लगभग 50 वर्षों से चली आ रही समस्या का स्थाई समाधान नगर निगम की दूरदर्शिता और सक्रियता के चलते संभव हो सका है। वहीं पार्षद अभिषेक चौधरी ने बताया कि इस समस्या को हल करने के लिए वार्ड प्रतिनिधियों ने कई बार संयुक्त रूप से नगर निगम के उच्चाधिकारियों से वार्ता की। अंततः महापौर और नगर आयुक्त ने संज्ञान लेकर जलकल विभाग को विशेष निर्देश दिए और कार्य की शुरूआत कराई। नई सीवर लाइन डालने का कार्य जीटी रोड, कमला क्वार्टर, छज्जू क्वार्टर, कोटगांव, न्यू कोटगांव, पंचवटी, दौलतपुरा, राकेश मार्ग, मॉडल टाउन समेत आसपास के कई इलाकों से होकर गुजरेगा। इन क्षेत्रों के निवासियों को लंबे समय से जिस समस्या का सामना करना पड़ रहा था, उसका अब स्थाई समाधान हो जाएगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जलकल विभाग की टीम को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्य की गति तेज रखी जाए और मॉनिटरिंग में कोई ढिलाई न हो।

उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए निगम प्रतिबद्ध है और हर स्तर पर पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ काम किया जा रहा है। महाप्रबंधक जल, कामाख्या प्रसाद आनंद ने जानकारी दी कि कार्य को अंजाम देने वाली वी ए टेक वेबग लिमिटेड को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि सभी कर्मचारी पूर्ण सुरक्षा उपकरणों के साथ काम करें।

# शिक्षा के नए आयामों पर हुआ गहन मंथन, आपसी सहयोग और अनुभव साझा करने पर दिया गया जोर

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** शास्त्री नगर स्थित नेहरू वर्ल्ड स्कूल में गुरुवार को एक ऐतिहासिक अवसर पर देशभर से आए फिक्की एराइज (फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री- एलायंस फॉर रेडी टू इनोवेट स्कूल एजुकेशन) के प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

यह आयोजन केवल एक औपचारिक मिलन नहीं था, बल्कि भारतीय शिक्षा के भविष्य की दिशा तय करने वाला एक सशक्त संवाद साबित हुआ। फिक्की एराइज एक राष्ट्रीय संगठन है, जो विद्यालयी शिक्षा को और अधिक समान, प्रगतिशील और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए कार्य करता है। यह संगठन शिक्षकों, विद्यालयों और नीति निमार्ताओं को एक साझा मंच पर लाकर शिक्षा में सुधार और नवाचार को गति प्रदान करता है। नेहरू वर्ल्ड स्कूल लंबे समय से विद्यार्थियों को समग्र और आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यहाँ केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदार नागरिकता की भावना से भी जोड़ा जाता है। विद्यालय का मानना है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि वह जीवन जीने की कला और समाज को बदलने की शक्ति भी प्रदान करे।

इस अवसर पर विद्यालय ने अतिथियों के लिए पूरे दिन का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण विधियों और नयी पहलों का परिचय दिया गया। विद्यार्थियों को उद्यमिता की समझ देने वाला स्टार्टअप सुपरस्टार, रचनात्मकता और तकनीक को जोडे वाला क्रेओ अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव, भविष्य निर्माण में सहायक कैरियर परामर्श, बच्चों की जिज्ञासा और सहयोग को बढ़ाने वाला सक्रिय अधिगम कार्यक्रम, तथा पठन और वाचन क्षमता को मजबूत करने वाला रीड अलाउड सत्र जैसे अनेक आयाम प्रस्तुत किए गए। इन पहलों ने फिक्की एराइज के सदस्यों को विद्यालय की शिक्षण पद्धतियों की गहराई और व्यापकता से अवगत कराया। पूरा दिन विचार-विमर्श, अनुभव साझा करने और नए दृष्टिकोणों को आत्मसात करने का माध्यम बना। फिक्की एराइज के सदस्य जहाँ विद्यालय की विशेष पहलों से प्रभावित हुए, वहीं विद्यालय परिवार ने भी उनसे अनेक नए विचार और रणनीतियाँ सीखीं।

# जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश
# गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** प्रदेश की जनता को गड्ढों से निजात दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापक स्तर पर गड्ढा मुक्त सड़क अभियान की शुरूआत की है। बरसात के मौसम में टूट-फूट और जलभराव के कारण खराब हो चुकी सड़कों की अब मरम्मत का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

लोक निर्माण विभाग ने सबसे पहले उन्हीं सड़कों को चिह्नित कर कार्य आरम्भ किया है, जो आमजन के दैनिक जीवन से सीधा जुड़ी हैं और जिन पर यातायात का दबाव सबसे अधिक है। अभियान के अंतर्गत फिलहाल दिल्ली-सहारनपुर-यमुनोत्री मार्ग की मरम्मत पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लोनी क्षेत्र में यह सड़क नालों के उफान और वर्षा जल के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। इससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। अब इस मार्ग को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य हो रहा है। फिलहाल सड़क को पत्थर भरकर मोटरेबल बनाया जा रहा है, ताकि लोगों को असुविधा न झेलनी पड़े और यातायात सामान्य गति से चलता रहे। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि प्रदेश की हर सड़क को गड्ढा मुक्त बनाया जाए। इसी क्रम में गाजियाबाद में लोक निर्माण विभाग को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरम्मत कार्य क्रमवार किया जाए और प्रत्येक सड़क को गुणवत्ता के साथ मजबूत व सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्य में कोई लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




जिलाधिकारी माँदड़ ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि गड्ढा मुक्त अभियान केवल कागजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसका वास्तविक लाभ जनता तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क मरम्मत में इस्तेमाल होने वाली सामग्री पूरी तरह मानक के अनुरूप होनी चाहिए और कार्य को पारदर्शिता के साथ अंजाम दिया जाए। गड्ढा मुक्त अभियान के चलते आने वाले दिनों में गाजियाबाद की सड़कों पर सफर करना लोगों के लिए आसान होगा। खराब और टूटी-फूटी सड़कों से न केवल वाहन चालकों को परेशानी होती है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में इस अभियान से लोगों को प्रत्यक्ष रूप से बड़ी राहत मिलेगी। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश की कोई भी सड़क टूटी-फूटी न रहे। लोक निर्माण विभाग पूरी जिम्मेदारी के साथ गड्ढा मुक्त अभियान को आगे बढ़ाए। यह कार्य जनता की सुविधा, सुरक्षा और प्रदेश के विकास से जुड़ा हुआ है। इसलिए इसे प्राथमिकता के साथ उच्चतम गुणवत्ता में सम्पन्न किया जाना अनिवार्य है।

# दवा विज्ञान के नए आयाम खोजने पर गहन मंथन



**वेलकम इंडिया**

**एनसीआर।** एच.आई.एम.टी. कॉलेज ऑफ फामेसी में फार्मास्यूटिकल और सहयोगी विज्ञान में अनुसंधान तथा उद्योग के एकीकरण विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आई.सी.आई.आर.आई.पी.ए.एस.-2025 का शुभारंभ शुक्रवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश से आए विशेषज्ञों, शोधकताओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें कॉलेज के चेयरमैन एच.एस. बंसल, सचिव अनिल कुमार बंसल, संयुक्त सचिव अनमोल बंसल, समूह निदेशक डॉ. सुधीर कुमार, प्राचार्य डॉ. अनुज मित्तल तथा आयोजन सचिव डॉ. विनोद गहलोत समेत अनेक गणमान्य अतिथि शामिल रहे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि, प्रो. एम.एस.एम. रावत (उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, अरुणाचल प्रदेश) ने अपने उद्बोधन में कहा कि शोध और उद्योग का आपसी सहयोग ही दवा उद्योग की गुणवत्ता को ऊँचाइयों तक ले जाने का सबसे सशक्त स्तंभ है। उन्होंने जोर दिया कि फार्मास्यूटिकल क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे ले जाने के लिए शिक्षा जगत और उद्योग जगत को एक साझा मंच पर आना होगा।

# संवाद, सख़्ती और संवेदनशीलता से गाजियाबाद पुलिस दे रहीं व्यवस्था को नई दिशा

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट पुलिस गाजियाबाद की पहचान लगातार बदल रही है और इसका श्रेय जाता है उन अधिकारियों को, जिन्होंने अपनी कार्यशैली से पुलिस और जनता के बीच विश्वास का मजबूत पुल बनाया है। इसी क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) वेव सिटीप्रियाश्री पाल अपने सख़्त लेकिन संवेदनशील रवैये और पारदर्शी कार्यप्रणाली से क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। शुक्रवार को हाल ही में एन आर ग्रान्ड बैंक्वेट हॉल, वेव सिटी में आयोजित संवाद कार्यक्रम इसका जीवंत उदाहरण रहा।

प्रियाश्री पाल ने 100 से अधिक सम्भ्रान्त नागरिकों जिनमें पार्षद, चिकित्सक, व्यापारी, उद्योगपति, मीडियाकर्मी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे, से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने न केवल पुलिस की बीट प्रणाली को विस्तार से समझाया बल्कि क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतें और समस्याएँ सर्वोच्च प्राथमिकता पर निपटाई जाएंगी। एसीपी प्रियाश्री पाल ने जनता को आश्वस्त किया कि पासपोर्ट सत्यापन, किरायेदार सत्यापन, चरित्र प्रमाणन जैसी प्रक्रियाओं में यदि कोई बीट अधिकारी अथवा कर्मचारी अनधिकृत लाभ लेने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना तुरंत उच्चाधिकारियों तक पहुँचाई जाए। उन्होंने सा$फ कहा कि ऐसी गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। उनकी यह पारदर्शी और दृढ़ कार्यशैली क्षेत्रवासियों में विश्वास का संचार कर रही है। प्रियाश्री पाल की कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे कानून-व्यवस्था को सख़्ती से लागू करने के साथ-साथ आमजन की भावनाओं और समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहती हैं। वे लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहकर नागरिकों से जुड़ती हैं और उनकी छोटी-बड़ी समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान कराती हैं। यही वजह है कि उनकी छवि कठोर अनुशासन और मानवीय संवेदना के संगम के रूप में उभर रही है।

संवाद कार्यक्रम में शामिल सम्भ्रान्त नागरिकों ने गाजियाबाद पुलिस और विशेष रूप से एसीपी प्रियाश्री पाल की कार्यशैली की भरपूर प्रशंसा की।

# उद्योगपति की हत्या, लूट और तीन साल तक एफआईआर दर्ज नहीं

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट पुलिस द्वारा पीड़ितों को त्वरित और पारदर्शी न्याय दिलाने के दावों की हकीकत एक सनसनीखेज मामले ने उजागर कर दी है। यह मामला 8 सितम्बर 2022 को सिहानीगेट थाना क्षेत्र में उद्योगपति धीरेंद्र कुमार यादव की हत्या और लूट से जुड़ा है। घटना के तीन साल बीत जाने के बाद भी पुलिस ने इस गंभीर अपराध की एफआईआर दर्ज नहीं की। आखिरकार न्याय की आस लगाए भटक रही उनकी पत्नी मोनिका राजपूत को अदालत की शरण लेनी पड़ी। 8 सितम्बर 2022 को उद्योगपति धीरेंद्र कुमार यादव, निवासी 301, जस्मिन ब्लॉक, निहो स्कॉटिश गार्डन, अहिंसा खंड, इंदिरापुरम, की हत्या कर दी गई थी। उनके पास से 4 लाख रुपये नकद और अन्य कीमती सामान भी लूट लिया गया। घटना लोहिया नगर पुलिस चौकी से कुछ ही कदमों की दूरी पर हुई थी। उनकी लाश कार की सीट पर पड़ी मिली। इतने संगीन अपराध के बावजूद सिहानीगेट पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं की। स्व. धीरेंद्र कुमार की पत्नी मोनिका राजपूत ने पुलिस अधिकारियों से लेकर थाने और चौकियों तक हर जगह गुहार लगाई।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का सख़्त एक्शन, तीन धर्मकांटे गिरे और नंदग्राम में दुकानों पर ताले

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निर्माण और अनाधिकृत कॉलोनियों पर कड़ा रुख अपनाते हुए शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। उपाध्यक्ष के निर्देशों के अनुपालन में प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने ग्राम मोरटी के डूब क्षेत्र और नंदग्राम में बुलडोजर चलाकर अवैध निमार्णों को ध्वस्त किया। इस कार्रवाई ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि प्राधिकरण शहर की बेहतरी और सुव्यवस्थित विकास के रास्ते में किसी भी तरह के गैरकानूनी प्रयासों को बर्दाश्त नहीं करेगा।




ग्राम मोरटी के डूब क्षेत्र में लंबे समय से कुछ लोग अवैध कॉलोनाइजेशन की कोशिश कर रहे थे। प्रवर्तन जोन-1 के प्रभारी के नेतृत्व में टीम ने यहाँ लगभग सत्रह बीघा जमीन पर विकसित की जा रही कॉलोनियों को ढहा दिया। अशोक जैन नामक विकासकर्ता द्वारा करीब आठ बीघा भूमि पर बनाई जा रही कॉलोनी में बिजली के पोल लगाए गए थे, बाउंड्री खड़ी की गई थी और कॉलोनाइजर का दफ्तर भी खड़ा कर दिया गया था। लेकिन यह सब नक्शे के विपरीत था और आज बुलडोजर की जद में आ गया। इसी तरह मोरटी क्षेत्र में ही 'महादेव इंकलेवज्' नाम से करीब नौ बीघा में अवैध रूप से विकसित हो रही एक अन्य कॉलोनी भी पूरी तरह ध्वस्त कर दी गई। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध जताने की कोशिश की, मगर थाना पुलिस और प्राधिकरण की पुलिस टीम ने सख़्ती से उन्हें खदेड़ दिया और कार्यवाही बिना किसी रुकावट के पूरी हुई। यही नहीं, मोरटी रोड पर ए.के. चिल्ड्रन स्कूल के सामने और जी.डी. गोयनका स्कूल के निकट अवैध तरीके से चल रहे तीन धर्मकांटे भी ध्वस्त कर दिए गए। लंबे समय से इन धर्मकांटों के जरिए अवैध गतिविधियाँ संचालित की जा रही थीं और यह क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का सबब बन चुके थे। वहीं नंदग्राम क्षेत्र में भी प्राधिकरण की सख्ती देखने को मिली। बैम्बे कॉलोनी के सामने साहिल वर्मा द्वारा स्वीकृत नक्शे के विपरीत बनाई गई दो दुकानों को सील कर दिया गया। दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि इस तरह के अवैध निर्माण दोबारा पाए जाने पर और भी कठोर कार्रवाई होगी। जीडीए अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अवैध कॉलोनियों और नक्शे के विपरीत निमार्णों को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपाध्यक्ष ने पूर्व में ही साफ कर दिया था कि अनाधिकृत गतिविधियों पर समय रहते एक्शन लिया जाएगा ताकि शहर के विकास की रफ्तार प्रभावित न हो। शुक्रवार को की गई इस कार्रवाई ने यह संदेश और मजबूत कर दिया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के लिए गाजियाबाद में कोई जगह नहीं है। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन जोन-1 के सहायक अभियंता, अवर अभियंता, पुलिस बल और समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे ताकि किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो सके। स्थानीय लोगों ने भी प्राधिकरण की इस कार्रवाई का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में शहर को अवैध कॉलोनियों और अवैध निमार्णों की समस्या से निजात मिलेगी।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यवसायी के लैपटॉप की चोरी

**लोनी।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात एक गंभीर चोरी की घटना सामने आई। इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी योगेंद्र चौधरी के मकान में चोरों ने धैर्यपूर्वक चोरी की योजना बनाकर लैपटॉप चुरा लिया। योगेंद्र चौधरी का घर पहले तल पर स्थित है और वह सूरज ऑनलाइन ट्रेडिंग का व्यवसाय संचालित करते हैं। घटना के अनुसार, गुरुवार शाम योगेंद्र चौधरी ने सीढियों के गेट में ताला लगाकर घर छोड़ दिया। देर रात अज्ञात चोरों ने गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया और लैपटॉप चोरी कर लिया। इस दौरान किसी को भनक तक नहीं लगी। वारदात के तुरंत बाद सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया गया, जिसमें चोरी करने वाले चोर का चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। सीसीटीवी फुटेज में चोर का चाल-ढाल और चोरी का तरीका साफ देखा जा सकता है। पुलिस ने यह फुटेज अपने रिकॉर्ड में सुरक्षित कर ली है और आरोपी की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# आईटीएस मोहन नगर में आरंभ-2025 का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप में एमबीए (सत्र 2025-27) और एमसीए (30वें बैच) के नवप्रवेशी छात्रों हेतु भव्य ओरिएंटेशन प्रोग्राम आरंभ-2025 का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। यह पाँच दिवसीय कार्यक्रम केवल औपचारिक परिचय भर नहीं था, बल्कि विद्यार्थियों को प्रबंधन शिक्षा, वैश्विक परिवेश और व्यक्तिगत विकास की गहरी समझ देने का एक सुनियोजित प्रयास रहा। 8 सितम्बर को कार्यक्रम का प्रारंभ संस्थान के विभिन्न विभागों, उपलब्धियों और परंपराओं से हुआ। डॉ. आशीष कुमार झा ने विद्यार्थियों को आईटीएस की अकादमिक और औद्योगिक साझेदारी, उपलब्धियों और शोध-उन्मुख वातावरण से अवगत कराया। तत्पश्चात डॉ. संजीव टंडन ने दृष्टिकोण गढ़ो, सफलता गढ़ो एमबीए की यात्रा विषय पर संबोधन दिया। उन्होंने बताया कि एक सफल प्रबंधक केवल ज्ञान से नहीं, बल्कि दृष्टिकोण, आत्मविश्वास और नेतृत्व गुणों से बनता है। पूरे दिन की गतिविधियों का कुशल संचालन डॉ. मानसी सिंह और प्रो. आस्था शुक्ला ने किया। 9 सितम्बर को छात्रों का परिचय आपसी संवाद के जरिए कराया गया। आइस-ब्रेकिंग सत्र ने नवप्रवेशियों को संकोच छोड़कर समूह में कार्य करने की दिशा दी।

# साप्ताहिक शुक्रवार परेड में दिखा पुलिस बल का अनुशासन और शौर्य

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** हरसांव स्थित रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर/मुख्यालय पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने परेड की भव्य सलामी ली और पूरी परेड का बारीकी से निरीक्षण किया। सजे-धजे परेड ग्राउंड में पुलिस जवानों ने कदमताल करते हुए अनुशासन और प्रतिबद्धता का शानदार प्रदर्शन किया। डीसीपी धवल जायसवाल ने जवानों की टुकडि ?ों का निरीक्षण करते हुए उनकी वर्दी, हथियार, अनुशासन और परेड के तालमेल का बारीकी से आकलन किया। इस दौरान उन्होंने जवानों की तैयारी पर संतोष व्यक्त किया और बेहतर प्रदर्शन के लिए सराहना भी की।

डीसीपी सिटीधवल जायसवाल ने कहा कि गाजियाबाद पुलिस का अनुशासन और प्रतिबद्धता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। पुलिस लाइन में होने वाली परेड केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह हमें फिटनेस, समयबद्धता और टीम वर्क का निरंतर अभ्यास कराती है। हर जवान का कदमताल यह संदेश देता है कि गाजियाबाद पुलिस सदैव जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पूरी तरह तत्पर है। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूँ कि हर पुलिसकर्मी अपने दायित्व को केवल नौकरी न समझे, बल्कि इसे जनता की सेवा का एक पवित्र अवसर माने। अनुशासन, संवेदनशीलता और जनता से संवाद ये तीन बातें हमारी कार्यप्रणाली की आधारशिला हैं। हमें यह ध्यान रखना होगा कि गाजियाबाद की जनता का भरोसा ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

